आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 164 | इंदौर, रविवार 11 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण 8 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### 17 जनवरी को पहली वंदेभारत स्लीपर का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पहली वंदे भारत स्लीपर 17 जनवरी से कोलकाता और गुवाहाटी के बीच चलेगी। इसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन में करेंगे। यह ट्रेन 6 दिन कामाख्या और हावड़ा जंक्शन के बीच चलेगी। इसके अलावा 6 नई अमृत भारत एक्सप्रेस भी लॉन्च की जाएंगी। इनकी सेवाएं 17 और 18 जनवरी 2026 से मिलना शुरू हो जाएंगी। दिल्ली में अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में शुक्रवार को वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे में 2026 में एक बड़ा बदलाव होगा। सभी तरह के सुधारों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल शामिल है।

### वेनेजुएला का तेल भारत को देगा अमेरिका : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदने की इजाजत दे सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारी के मुताबिक यह सब अमेरिका की निगरानी और शर्तों के साथ होगा। हालांकि इससे जुड़ी शर्तें क्या हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। इसका मतलब यह है कि अमेरिका के प्रतिबंधों की वजह से जो व्यापार रुका हुआ था, वह अब फिर से शुरू हो सकता है। वहीं, रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस भी चाहती है कि अमेरिका उसे वेनेजुएला का तेल खरीदने की इजाजत दे दे।

### बहन नूपुर की शादी में जमकर थिरकीं कृति सेनन



**भोजपुरी गाने लॉलीपॉप लागेलू पर लगाए ठुमके, पंजाबी सॉन्ग पर भी नाचीं**

**मुंबई।** एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन की शादी के फंक्शन उदयपुर में शुरू हो चुके हैं। 9 जनवरी को नूपुर और सिंगर स्टेबिन बेन के हल्दी और संगीत फंक्शन का आयोजन किया गया। दोनों ही फंक्शन में कृति जमकर नाचती नजर आईं। इस वक्त सोशल मीडिया में नूपुर और स्टेबिन के फंक्शन से कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें पूरा परिवार मस्ती करता नजर आ रहा है। एक वीडियो में कृति बहन नूपुर और उनकी सहेलियों के साथ हनीमून ट्रैवल्स के गाने 'सजना जी वारी-वारी' पर डांस करते नजर आ रही हैं। वहीं, उनका एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वो फुकेरे फेम एक्टर वरुण शर्मा के साथ भोजपुरी गाने पर डांस कर रही हैं। वरुण और कृति ने भोजपुरी स्टार पवन सिंह के गाने 'लॉलीपॉप लागेलू' पर दमदार डांस किया। नूपुर-स्टेबिन कृति के इस परफॉर्मेंस को एंजॉय करते दिख रहे हैं। एक और वीडियो में कृति बहन के लिए पंजाबी सॉन्ग 'दिल तू जान तू' पर भी परफॉर्म करती नजर आ रही हैं। वीडियो में कृति की मां भी उनके साथ हैं। कृति परफॉर्मेंस के दौरान प्यार से बहन का माथा चूमती दिखीं। नूपुर और स्टेबिन बेन के शादी के फंक्शन लेकसिटी के रैफल्स होटल में 9 जनवरी से शुरू हो गए। 9 को हल्दी और संगीत का प्रोग्राम किया गया। वहीं, आज कपल की मेहंदी सेरेमनी है। इसके लिए होटल में अलग-अलग थीम पर सजावट होगी। 11 जनवरी को दोनों सात फेरे लेंगे। शादी में शामिल होने के लिए बॉलीवुड और टीवी के अलावा म्यूजिक इंडस्ट्री से भी कई स्टार के आने की संभावना है। होटल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। होटल स्टाफ को भी शादी के सभी फंक्शन की जानकारी सीक्रेट रखने को कहा है। शादी में शामिल होने कृति सेनन के बॉयफ्रेंड कबीर भी आए हैं। वो बुधवार को कृति और उनके परिवार के साथ ही उदयपुर पहुंचे थे। कृति और कबीर को एक साथ उदयपुर एयरपोर्ट से निकलते हुए देखा गया था।

### होशियारपुर में बस और कार की टक्कर, 4 लोगों की मौत

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले में दसूहा मुख्य मार्ग पर अड्डा दोसड़क के समीप शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बस और कार की आमने-सामने टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना शनिवार सुबह करीब 4 बजे हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सभी लोग हिमाचल प्रदेश के दौलतपुर क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है, जबकि घायल व्यक्ति का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### सड़क किनारे खड़ी हाइवा से टकराई स्कूटी, 3 युवकों की मौके पर मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी थाना क्षेत्र के सुरदा में शुक्रवार रात सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सुरदा स्थित यूनियन बैंक के समीप उस समय हुआ, जब एक ही स्कूटी पर सवार चार युवक सड़क किनारे खराब पड़ी हाइवा से जा टकराए। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि स्कूटी सहित सभी युवक हाइवा के नीचे घुस गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घाटशिला थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी राहुल कर्मकार अपने दो सगे भाइयों रोहित कर्मकार और समीर कर्मकार तथा भांजा राज गोप के साथ दिन में सुरदा अपनी ससुराल गया था। शुक्रवार रात चारों एक ही स्कूटी पर सवार होकर सुरदा से अपने घर जगन्नाथपुर लौट रहे थे।

---

मानपुर भेरू घाट पर ट्रक के ब्रेक फेल होते ही हुआ हादसा, मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे बंद हो गया

# 7 वाहन आपस में टकराए, कार पर चढ़ी पिकअप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के महू में 7 वाहन आपस में टकरा गए। ट्रक और गैस टैंकर कारों पर चढ़ गए। हादसा मानपुर भेरू घाट पर शनिवार सुबह हुआ। मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे बंद हो गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घाट सेक्शन में जहां हादसा हुआ, वहां करीब दो किलोमीटर तक की ढलान है। ढलान से एक तेज रफ्तार ट्रक गुजर रहा था, जो अनकंट्रोल हो गया और आगे चल रहे आयशर वाहन में जा घुसा। आयशर को टक्कर लगी तो वह आगे कार से भिड़ गया। फिर एक कार और पिकअप में टक्कर हो गई।

मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्र हीहोर ने बताया कि वाहनों में टक्कर हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

इंदौर से हैदराबाद जा रहे ट्रक ड्राइवर



मोहम्मद आरिफ ने बताया कि गाड़ी के ब्रेक फेल हो गए थे। साइड में जाम लगा हुआ था। एक साइड में पूरी कारें थीं, बच्चे थे। तो ट्रक दूसरी साइड मोड़ लिया, उधर ट्रेलर से टक्कर हो गई। पहले हमने खुद को भी बचाया और पब्लिक को भी बचाया।

#### कार के एयरबैग खुलने से बच गए

राजस्थान के कार ड्राइवर रघुवीर ने बताया कि दो लाइन में जाम लगा हुआ था। हम तो जाम में खड़े थे। सेकेंड लाइन से लोड ट्रक आया। उसने पिकअप को टक्कर मार दी। वो पलटकर कार पर आ गिरा। कार में हम दो लोग सवार थे। हम दोनों लोग सुरक्षित हैं। दूसरी कार में सवार जयदीप ने बताया, मैं उज्जैन से त्र्यंबकेश्वर दर्शन के लिए जा रहा था। आगे जाम लगा हुआ था। मैं जैसा ही खड़ा हुआ, सर्विस लेन की तरफ गाड़ी रोक दी। मुश्किल से दो मिनट हुआ होगा और पीछे से मेरी गाड़ी को टक्कर लगी, इसके बाद आगे की गाड़ियों में टक्कर हो गई। ट्रक अनकंट्रोल हो गया था, सारी गाड़ियां इसकी चपेट में आ गईं। मेरी कार में 8 लोग सवार थे, इनमें 4 बच्चे थे वे सभी सुरक्षित हैं। किसी को भी कोई चोट नहीं आई है। हमारी गाड़ी के एयरबैग खुल गए थे, हम सभी सेफ हैं।

---

# जंगली सूअर के फेर में तेंदुआ को जाल में फंसा कर कुल्हाड़ी से मारा

### वन विभाग के अलग-अलग बयानों से मामले में संदिग्ध स्थिति सामने आई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले की जावद तहसील में शिकारियों ने जंगली सूअर के लिए लगाए गए जाल में फंसे तेंदुए की कुल्हाड़ी से मार डालने का मामला सामने आया है। वन विभाग ने 3 शिकारियों को पकड़ा है। मामले में वन विभाग के अधिकारियों पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। घटना को लेकर दो दिन में वन विभाग की ओर से दो प्रकार के आए बयानों ने संदिग्ध स्थिति बना दी है।

घटना 4 जनवरी की है। मनासा वन परिक्षेत्र की बैसदा बीट में वन विभाग को 3 साल के मृत तेंदुए का शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू की गई। तेंदुए का पोस्टमार्टम वन्यजीव विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. जीवन नाथ एवं डॉ. भूपेश पाटीदार द्वारा किया गया। 3 साल के नर तेंदुए की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी। वहीं आरोप है कि वन विभाग ने चार दिनों तक इस सनसनीखेज घटना को दबाने की कोशिश की और मीडिया को भ्रामक जानकारी दी। अब इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



**उच्च स्तरीय जांच की मांग -** घटना के दूसरे दिन वन विभाग की ओर से जारी प्रेस नोट में दावा किया गया कि वन्यजीव तेंदुए के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं लेकिन शुक्रवार को इस मामले में जावद तहसील के जनकपुर और परवनी निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और खुलासा किया गया कि तेंदुए पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या की गई थी। जावद तहसील के जनकपुर निवासी सुनील भील, परवनी निवासी देवीलाल भील और अंबालाल भील ने जंगली सूअर के शिकार के लिए जाल लगाया था, जिसमें तेंदुआ जा फंसा। इसके बाद आरोपियों ने जाल में फंसे तेंदुए पर कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी और मृत तेंदुए के शव को मनासा वन परिक्षेत्र में फेंक आए। घटना के दूसरे दिन वन विभाग की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया था कि वन्यजीव तेंदुए के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं और शिकार के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। लेकिन शुक्रवार को जब इस पूरे मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, तब खुलासा हुआ कि तेंदुए की कुल्हाड़ी से हत्या की गई थी। इस गंभीर मामले में लापरवाही बरतने की स्थितियों को लेकर वन मंडल अधिकारी एस.के. अटोदे, पोस्टमार्टम करने वाले विशेषज्ञ डॉ. जीवननाथ, डॉ. भूपेश पाटीदार और संबंधित क्षेत्र के लापरवाह कर्मचारियों की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठ रही है।

---

ओवैसी ने कहा

### भारत में हिजाब पहनने वाली बेटी प्रधानमंत्री बनेगी

भाजपा नेता का जवाब- हिंदू राष्ट्र में संभव नहीं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि एक दिन हिजाब पहनने वाली बेटी भारत की प्रधानमंत्री बनेगी। जो पार्टियां आज देश में मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने का काम कर रही हैं, उनकी दुकान अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। ओवैसी के बयान का जवाब महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने दिया। उन्होंने मीडिया से कहा- ओवैसी हिंदू राष्ट्र में ऐसे बयान नहीं दे सकते हैं। जो लोग ऐसे पदों पर बैठना चाहते हैं, उन्हें अपने इस्लामिक देशों में जाना चाहिए। हम बुर्के वाली और हिजाब पहनने वाली के साथ ओवैसी को भी बैठाएंगे और यहां से भगा देंगे।

---

### यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिन्ना को कहा 'जिन्नाजी'

#### इंदौर में उदय भानु चिब ने भाजपा और सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर प्रेस क्लब में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने भाजपा और प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा जैसी घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं, लेकिन जिम्मेदारों को कोई परवाह नहीं है।

चिब ने कैलाश विजयवर्गीय के बयानों को गैर-जिम्मेदाराना बताया और मांग की कि उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने महापौर पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने की भी मांग की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उदय भानु ने आजादी के संघर्ष में महापुरुषों के नाम गिनाते हुए जिन्ना को जिन्नाजी कहकर संबोधित किया और कहा कि देश की आजादी पूर्वजों के बलिदान से मिली। उन्होंने भाजपा की लापरवाही और जनता की जान की अनदेखी पर कड़ा निशाना साधा।



#### पढ़िए उदय भानु चिब का पूरा बयान

उदय भानु ने कहा- अंग्रेजों ने आसानी से नहीं दी थी आजादी...इसमें हमारे पूर्वजों की जान गई थी, उनका बलिदान था। बहुत से नेता जेल गए थे...भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना जी। कितने लोग जेल में रहे और ऐसे हजारों सैकड़ों हैं, जिनके बलिदान के बाद देश को आजादी मिली।

---

### अयोध्या राम मंदिर में नमाज पढ़ने की कोशिश

#### परिसर में घुसा 56 साल का शख्स पकड़ा गया, कश्मीर का रहने वाला

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में एक 56 साल के कश्मीरी व्यक्ति ने नमाज पढ़ने की कोशिश की। जैसे ही उसने नमाज पढ़ने के लिए कपड़ा बिछाया, तो वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसको पकड़ लिया। इसके बाद वह नारेबाजी करने लगा।

पूछताछ में उसने अपना नाम अबु अहद शेख बताया। वह कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां भी मौके पर पहुंच गईं। अबु अहद शेख से राम मंदिर परिसर में बने पुलिस कंट्रोल रूम में पूछताछ की जा रही है कि वो अयोध्या क्यों आया था? उसने जो बयान दिए हैं, उन्हें क्रॉस करने के



लिए राम मंदिर पथ और रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी देखे जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, ये संदिग्ध व्यक्ति बिहार के रास्ते यूपी और फिर अयोध्या पहुंचा। हालांकि, शुरूआत में 3 लोगों के मंदिर कैंपस से पकड़ने की जानकारी आई थी। वहीं, अयोध्या के एसएसपी गौरव ग्रोवर ने कहा- हमारे पास 1 ही व्यक्ति है। वह नमाज पढ़ने का प्रयास कर रहा था। सिक्योरिटी गार्ड ने उसको पकड़ लिया है।

---

मुंबई में देर रात एक रिहायशी घर में लगी भीषण आग

# एक ही परिवार के 3 लोग जिंदा जले

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई के गोरेगांव पश्चिम स्थित भगत सिंह नगर में एक दर्दनाक अग्निकांड में तीन लोगों की झुलसकर मौत हो गई। हादसा देर रात एक रिहायशी घर में हुआ, जहां एक ही परिवार के तीन सदस्य सो रहे थे। आग लगते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

मुंबई फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन इस हादसे में तीन लोगों की जान नहीं बचाई जा सकी। प्रारंभिक जानकारी में एक पुरुष और एक महिला की मौत की पुष्टि की गई थी, हालांकि बाद में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) द्वारा जारी



आधिकारिक बयान में तीनों मृतकों का विवरण सामने आया। बीएमसी के आधिकारिक बयान के अनुसार, आग ग्राउंड प्लस एक मंजिला वाले मकान में लगी थी। आग मुख्य रूप से ग्राउंड फ्लोर पर बिजली की वायरिंग और घरेलू सामान तक सीमित रही, जबकि पहली मंजिल के एक कमरे में मौजूद तीन लोगों के कपड़े आग की चपेट में आ गए। कमरे का नंबर स्पष्ट नहीं हो सका है। बीएमसी ने बताया कि फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने पानी की बाल्टियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद बिजली की सप्लाई काटकर फायर ब्रिगेड कर्मियों ने भी पानी की बाल्टियों से आग को पूरी तरह बुझाया। आग में झुलसे तीनों लोगों को फायर ब्रिगेड के जवानों ने बाहर निकाला और ट्रॉमा केयर अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, ट्रॉमा केयर अस्पताल के आरएमओ डॉ। मोइन ने बताया कि आग में झुलसे तीनों लोग अस्पताल लाए जाने से पहले ही दम तोड़ चुके थे।

---

**ड्रग्स तस्करी का नया हब बन रहा आगर जिला : नर्सरी की आड़ में चल रही थी करोड़ों की ड्रग्स फैक्ट्री**

# नारकोटिक्स की रेड में 10 करोड़ की 31 किलो एमडी ड्रग्स जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा

जिले में नशे के कारोबार ने जिस खतरनाक स्तर को छू लिया है, उसका खुलासा शनिवार तड़के केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई में हुआ। आमला क्षेत्र स्थित तीर्थ नर्सरी की आड़ में चल रही एमडी ड्रग्स की अवैध फैक्ट्री पर नारकोटिक्स ने सुबह करीब 4 बजे दबिश देकर 10 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की करीब 31 किलो 250 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है। यह कार्रवाई जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

नारकोटिक्स उज्जैन क्षेत्र के अधीक्षक मुकेश खत्री एवं नीमच व जावरा प्रभारी वी.एस. कुमार ने बताया कि विभाग को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि आमला क्षेत्र में एमडी ड्रग्स की बड़ी खेप लेने कोई तस्कर पहुंचने वाला है। इसी आधार पर नारकोटिक्स की विशेष टीम ने तड़के से ही तीर्थ नर्सरी की चारों ओर से घेराबंदी कर दी। कई घंटों तक इंतजार के बावजूद जब कोई संदिग्ध मौके पर नहीं पहुंचा, तो टीम ने नर्सरी परिसर के भीतर छापा मारने की कार्रवाई की।

छापे के दौरान जो सामने आया, उसने अधिकारियों को भी चौंका दिया। नर्सरी परिसर के भीतर एमडी ड्रग्स बनाने की पूरी



गुप्त लेब संचालित हो रही थी। मौके से भारी मात्रा में तैयार एमडी ड्रग्स के साथ-साथ करीब 600 किलो खतरनाक केमिकल भी बरामद किए गए। जब्त रसायनों में एमडीसी, एमएमए, सोडियम कार्बोनेट, ट्रायथाइलामाइन, सोडियम एस सहित अन्य रसायन शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल एमडी ड्रग्स निर्माण में किया जाता है।

इसके अलावा ड्रग्स बनाने में प्रयुक्त मशीनें, उपकरण और अन्य तकनीकी सामग्री भी जब्त की गई है। नारकोटिक्स टीम ने मौके पर ही अवैध लेब को नष्ट कर दिया, ताकि भविष्य में यहां दोबारा ड्रग्स निर्माण न हो सके। अधिकारियों के अनुसार जब्त एमडी ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है।

फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन नारकोटिक्स विभाग का कहना है कि जांच के दौरान कुछ संदिग्ध लोगों की संलिप्तता के अहम साक्ष्य मिले हैं। ड्रग्स के नेटवर्क, सप्लाई चेन और इसके पीछे सक्रिय माफिया की पहचान की जा रही है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही बड़ी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

- यह मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि जिले में इतने बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा था और स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। करोड़ों रुपये की ड्रग्स फैक्ट्री का नर्सरी की आड़ में संचालन होना, जिले की कानून-व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। जानकारों का मानना है कि आगर मालवा जिला अब धीरे-धीरे ड्रग्स तस्करी के नए हब के रूप में उभरता जा रहा है।
- नारकोटिक्स की इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। शाम करीब 5 बजे के आसपास सीएसपी मोतीलाल कुशवाह एवं कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय भी घटनास्थल पर पहुंचे। देर शाम तक कार्रवाई और जांच की प्रक्रिया जारी रही।
- नारकोटिक्स विभाग की इस ऐतिहासिक कार्रवाई से जहां ड्रग्स माफिया में हड़कंप मचा है, वहीं अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि इस पूरे नेटवर्क के पीछे कौन-कौन से चेहरे हैं और कब तक वे कानून के शिकंजे में आते हैं।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## पहले से आवाज उठाना दायित्व था...

**खुसूर फुसूर**

पास के शहर में पानी की अशुद्धि और उससे हुए दुःखद घटनाक्रम के बाद जमकर बवाल मचा हुआ है। विपक्ष घटना के बाद से इस मामले में तमाम तरह के आंदोलन कर रहा है। शहर में इसी के तहत विपक्ष ने पानी शोधन संयंत्र पर पहुंचकर उसका अवलोकन किया। संयंत्र पर काफी कमियों को गिनाया गया और पक्ष पर अशुद्ध पानी पिलाने का आरोप भी लगाया है। काफी दिनों पूर्व जिले के औद्योगिक क्षेत्र में आम आदमी ने अशुद्ध पानी को लेकर बहुत कुछ खुलासा किया और स्थानीय निकाय को कटघरे में खडा कर दिया। यहां तक की दस्तावेजी आधार पर भी सब कुछ साफ करके रख दिया था। इसके बाद भी आमआदमी का साथ विपक्ष ने नहीं दिया,पक्ष के तो देने का सवाल ही नहीं उठता है। यहां गलती मानना नैतिकता में ही अब नहीं बचा है। जल वितरण के मामलों से ऐसा नहीं है कि कोई वाकिफ नहीं हो और जो विपक्ष में रहकर भी ऐसा कहे तो फिर उसकी सक्रियता पर भी सवाल खडे होते हैं। खुसूर-फुसूर है कि शहर में जल को लेकर अब उठाए गए प्रश्नों के साथ ही आमजन भी अब पूछ रहा है कि इसमें पहले से आवाज उठाना विपक्ष का दायित्व था‌। आखिर किसी घटनाक्रम के बाद ही क्यों। जानकारी के अभाव का तर्क देना सिरे से आमजन के साथ खेलने जैसा ही कहा जाएगा। क्या सदन में ऐसे मामलों को पूर्व में उठाने का दायित्व आपका नहीं था। अगर था तो उस जिम्मेदारी का निर्वहन क्यों नहीं किया गया और किसी घटना का इंतजार क्यों किया गया। अगर जानकारी के अभाव का तर्क दिया जाता है तो जिम्मेदारी से मुंह मोडने जैसा ही इसे कहा जाएगा। शहर में इस मामले में जो भी जल वितरण हुआ और हो रहा है उसमें जितना पक्ष का कार्य है तो उतना ही विपक्ष भी कम नहीं कहा जा सकता है। संवैधानिक रूप से शिक्षा,स्वास्थ्य एवं पेयजल का अधिकार आम आदमी का है । अगर उसकी ही देखरेख करने में सत्ता और विपक्ष अपनी जिम्मेदारी निर्वहन नहीं कर सके तो आमजन भगवान भरोसे ही कहे जाएंगे।

## सकल हिंदू समाज द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**उज्जैन।** उज्जैन में सकल हिंदू समाज द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

ऋषि नगर बस्ती के सदस्यों ने बस्तीवासियों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आवाहन किया। 10 तारीख को हिंदू जागरण के लिए पालकी यात्रा निकाली जाएगी। 11 तारीख को सुबह 10 बजे,सरस्वती स्कूल में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा। सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और सामाजिक एकता के प्रतीक इस आयोजन में हिंदू समाज की सहभागिता रहेगी।

## 1500 किमी पैदल चलकर उज्जैन पहुंचे दो दोस्त



**उज्जैन।** जम्मू-कश्मीर के राजकुमार वर्मा और मोहन सिंह नामक दो मित्रों ने शिव भक्ति और मित्रता की अनूठी मिसाल पेश की है। दोनों ने माता वैष्णो देवी के दर्शन के बाद लगभग 1500 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की। राजकुमार वर्मा (60 वर्ष) और मोहन सिंह (58 वर्ष) ने 2 दिसंबर 2025 को अपनी यात्रा शुरू की थी। लगभग 40 दिनों तक प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर पैदल चलते हुए, वे 8 जनवरी को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंचे। इस यात्रा में एक बड़ी चुनौती थी राजकुमार वर्मा का स्वास्थ्य। दो वर्ष पहले उनके पैर का गंभीर ऑपरेशन हुआ था, जिसमें रॉड डाली गई थी। इसके बावजूद उन्होंने शिव भक्ति में यह पदयात्रा करने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने मित्र मोहन सिंह को भी प्रेरित किया, जिसके बाद मोहन सिंह भी उनके साथ यात्रा पर जाने के लिए तैयार हो गए।

**आवश्यकता है**

(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)

**बागड़िया न्यूज़ एजेंसी**
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

### मकर संक्रांति को लेकर सजा पतंगों का बाजार, कार्टून वाली पतंग सहित बरेली के मांझे की बिक्री जोरों पर..

# आपरेशन सिंदूर व पीएम मोदी वाली पतंगों की डिमांड

तोपखाना पतंग बाजार में रंग-बिरंगी पतंगों और चकरियों की दुकानें सजी-चाइना डोर पर पुलिस की निगाहें




### सबसे ज्यादा बिकने वाला मांझा...

- **मयूर गोल्ड मांझा**
  100-120 में एक रील(बारह तार वाला)
  8 रील 500 रुपए में उपलब्ध है।
- **व्हाइट टाइगर**
  90-110 रुपए में एक रील ( नो तार वाला), 8 रील 450 रुपए में उपलब्ध
- **न्यू इंडियन**
  100-110 रुपए में एक रील (नो तार वाला)
  सात रील 450 रुपए में उपलब्ध है।

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मकर संक्रांति को लेकर तोपखाना का पतंग बाजार रंग बिरंगी पतंगों से सजा नजर आ रहा हैं। यहां सभी प्रकार की पतंगें उपलब्ध हैं, बरेली का मांझा सबसे ज्यादा डिमांड में है। इस बार फिल्मी सितारों की पतंगों से ज्यादा मांग ऑपरेशन सिंदूर व 'मोदी' पतंग की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर वाली व ऑपरेशन दूर में कर्नल सोफिया कुरेशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर वाली पतंगें लोगों का ध्यान खींच रही हैं। वही कागज की पतंग सहित रामपुरी पतंग ,जर्मनी पेपर की पतंग व फैंसी पतंग के अलावा हीरो सलमान खान, शाहरुख खान, अक्षय कुमार और 'पुष्पा 2' के अभिनेता अल्लू अर्जुन की पतंगों की भी बिक्री हो रही है, वही बच्चों की डोरेमोन, छोटा भीम सहित अन्य तरह की पतंगे भी दुकानों पर खूब बिक रही है। मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनेगी, लेकिन लोगों ने इसके पहले से ही डोर मांजे और पतंग को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। इसको लेकर तोपखाना सहित अन्य बाजारों में पतंगबाजी के शौकीन लोग पतंग मांझा खरीदने पहुंच रहे हैं। जानलेवा चाइना डोर को बैन कर दिया गया है,पतंग उड़ाने वालों की पुलिस ड्रोन से निगरानी कर रही है।

**पतंग व्यापारियों ने कहा..:** तोपखाना में सोनू पतंग सेंटर के नाम से पतंग की दुकान संचालित करने वाले सोनू मेंव ने बताया कि इस बार पतंग कारोबार अच्छा रहेगा और हम उम्मीद कर रहे हैं कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मकर संक्रांति पर पतंग का कारोबार अच्छा होगा। पतंग व्यापारी सोनू मेव ने आगे कहा कि हमारे पास पतंग व डोर में कई तरह की वैरायटी उपलब्ध है। आगे कहा कि पतंगे उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, दिल्ली सहित अन्य शहरों से मंगाई जाती हैं, हालांकि उज्जैन में भी पतंगें बनाई जाती हैं, लेकिन यहां का बाजार बाहरी शहरों से आने वाली पतंगों पर भी निर्भर है। उज्जैन में मकर संक्रांति को लेकर खासा उत्साह है। हर गली और छत पर लोग पतंग उड़ाते नजर आते हैं।

वही तोपखाना के पतंग बाजार में फारुक पतंग सेंटर के नाम से पतंग की दुकान संचालित करने वाले पतंग कारोबारी फारुक भाई ने बताया कि उनके पास भी कई तरह की पतंग व मांझा उपलब्ध है। डिजाइन पतंगे 5 रुपए से लेकर 100 रुपए तक (एक नग) में। इसके अलावा मैदानी स्पेशल पतंग 20 रुपए प्रति नग के हिसाब से बेची जा रही है। वही व्हाइट टाइगर मांझा 350 रुपए में 6 रील, मयूर गोल्ड 700 रुपए में 8 रील, रेड पांडा 250 रुपए में 6 रील में बेच रहे है।





### पतंग विक्रेता के मुताबिक पतंग व मांझा की कीमत

- **रामपुरी पतंग**
  120 रूपए से लेकर 300 रुपए तक में 20 पतंग ( एक कोड़ी)
- **जर्मनी पेपर वाली पतंग**
  100 रुपए से लेकर 150 रुपए तक में (एक कोड़ी) 20 पतंग
- **बरेली की पतंग**
  150 रुपए से लेकर 300 रुपए तक एक कोड़ी (20 पतंग)
- **कागज व पालिथीन की फैंसी मटका पतंग**
  150 रूपए से लेकर 160 रुपए तक में एक कोड़ी (20 पतंग)
- **मोदी जी की पतंग**
  90 रुपए से लेकर 100 रुपए में एक कोड़ी (20 पतंग)
- **बच्चों की कार्टून वाली पतंग**
  90 रुपए से लेकर 95 रुपए तक में एक कोड़ी (20 पतंग)
- **छोटा मटका पतंग**
  30 रूपए में लेकर 35 रुपए में एक कोढ़ी (20 पतंग)
- **नामची पॉलिथीन की पतंग**
  30 रुपए से लेकर 35 रुपए तक में एक कोढ़ी (20 पतंग)
- **बच्चों के कार्टून वाली पॉलिथीन की पतंग**
  40 रूपए से लेकर 45 रुपए तक में एक कोढ़ी (20 पतंग)
- **बलून**
  40 रुपए प्रति नग
- **बच्चों की छोटी पतंग**
  5 रुपए से लेकर 10 रुपए तक प्रति नग
- **झालर पतंग**
  10 रुपए से लेकर 80 रुपए तक प्रति नग के हिसाब से, 5 फीट की पतंग 80 रुपए में प्रति नग में उपलब्ध है। फैंसी ताबा पतंग बड़ी 50 रुपए में प्रति नग में उपलब्ध है।

## आरओ वाटर बनाम धोखाधड़ी

पीएचई की लाईन से ले रहे पानी, बेच रहे 30-40 रूपए केन

### प्लांटों पर सफाई का अभाव, वितरण की टंकी ही साफ नहीं,निगम का ध्यान नहीं



> ये महत्वपूर्ण मुद्दा है । इस पर पीएचई के अधिकारियों के साथ चर्चा कर शहर में चल रहे प्लांटों की जांच करवाएंगे। वे पानी कहां से ला रहे हैं प्लांट पर क्या स्थिति है और कैसे उपयोग करते हैं ऐसे अनेक बिंदुओं पर जांच करवाएंगे। कुछ मामले पैकेजिंग के हैं उन्हें संबंधित विभाग को देखना है।
>
> -पवनसिंह, अपर आयुक्त नगर पालिक निगम, उज्जैन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में आरओ वाटर के नाम पर धोखाधडी की जा रही है। अधिकांश वाटर प्लांट वाले पीएचई का पानी ही स्टोरेज कर 30-40 रूपए केन के भाव में बेच रहे हैं। खास तो यह है कि प्लांटों पर स्टोरेज टैंक की सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई ऐसे प्लांटों में पीएचई की लाईन से ही सीधे पानी लेकर व्यवसाय किया जा रहा है। मात्र पानी को ठंडा कर बेचा जा रहा है।

शहर भर ही नहीं अब तो गांव तक भी आरओ पानी पहुंच चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी टंकियों से कैन में पानी सशुल्क बांटा जा रहा है। शहर में तो यह स्टेटस सिंबाल जैसा हो गया है। रोज सुबह आर ओ कैन में पानी भरने वाला जिस घर आता है उसे शुद्ध पानी पीने वाला माना जाता है। शहर में 30-40 रूपए प्रति केन यह पानी दिया जा रहा है। इसके लिए न तो पानी के मापदंड देखे जा रहे हैं और न ही जिस बडी टंकी से पानी बांटा जा रहा है उसे देखा जा रहा है और न ही आर ओ के प्लांटों की व्यवस्था को ही जांचा जा रहा है।

### पेयजल है या पानी सिर्फ खरीद रहे

आरओ पानी बनाम पानी के अंदर मौजूद आवश्यक तत्व हैं या नहीं इसकी कोई ग्यारंटी नहीं है बस है तो पानी के ठंडे होने की ग्यारंटी। शहर भर में आरओ प्लांट से पानी मासिक बंदी के साथ पानी का वितरण किया जा रहा है। खास यह है कि इन प्लांटों में से गिनती के एक दो प्लांट ही साल में एक आध बार पीएचई की लेब में अपने पानी की जांच करवा रहे हैं। शेष शहर भर में बगैर जांच के ही सालों से पानी बेच कर अपनी जेब भर रहे हैं। आम लोगों को 30-40 रुपए प्रति 20 लीटर जार में बेची जा रही हैं। मतलब उपभोक्ता पूरा दाम चुका रहा है, लेकिन शुद्धता की कोई गारंटी नहीं।

### पानी की शुद्धता पर सवाल

उज्जैन नगर निगम शहर में जो पानी सप्लाय करता है उसकी प्रतिदिन विभाग के शोधन सयंत्र पर स्थित लेब में जांच होती है। प्रति दिन का रेकार्ड संधारित किया जाता है। पानी में मिलाए जाने वाले केमिकल भी एक निर्धारित मात्रा में ही उपयोग किए जाते हैं उससे ज्यादा का उपयोग भी मानव शरीर पर घातक असर कर सकता है। इसकी बजाय आरओ प्लांट वाले सिर्फ घरों तक पानी देने आते हैं न तो इनके पानी की जांच हुई है और न ही ये कभी करवाते हैं। इनकी वितरण टंकी की सफाई एवं प्लांट पर स्थित टंकी की सफाई की आम उपभोक्ता को कोई जानकारी नहीं होती है। यहां तक की स्थानीय स्तर पर लोकल ब्रांड की बोतलों पर न तो मैन्युफैक्चरिंग डेट दर्ज है और न ही एक्सपायरी डेट। कई बोतलों पर यह तक नहीं लिखा कि पानी कहां तैयार हुआ है। पैकेजिंग नियमों के विपरित शहर में श्रद्धालुओं को जमकर ठगा जा रहा है इसके अलावा पानी की शुद्धता और उसमें मौजूद तत्वों के बारे में भी जानकारी नहीं है। जबकि ब्रांडेड पानी की बोतलों पर नियमों का पालन, शुद्धता की गारंटी को बयां कर रहा है। शहर और आसपास के इलाकों में चल रहे कई पैक्ड वाटर प्लांट नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे हैं। न स्वच्छता के मानकों का पालन हो रहा है और न ही पानी की नियमित लैब जांच। इसके बावजूद यही पानी दुकानों, ढाबों और होटलों में खुलेआम बेचा जा रहा है।

### पानी पीएचई का और घाटा भी

शहर में चल रहे कतिपय आरओ प्लांट में पीएचई के पानी का ही उपयोग किया जा रहा है। मात्र बताने के लिए नलकूप है लेकिन गोपनीय रूप से पीएचई की लाईन से पानी लेकर प्लांट की छत पर और अन्य जगह पर बडी टंकियों में इस पानी को स्टोरेज किया जाता है। उसके बाद न तो इस पानी को आरओ और युवी प्रक्रिया से शुद्ध किया जाता है न ही आवश्यक तत्वों की स्थिति ही देखी जाती है। मात्र उसे चिल्ड कर बेचने का काम किया जाता है। पानी में आवश्यक तत्वों की स्थिति जांचने के लिए पुरा केमिकल प्रोसेस है और सेंपल जांच के बाद कमी के अनुसार उसमें आवश्यक तत्वों के केमिकल का निर्धारित मात्रा में समावेश किया जाता है। खास तो यह है कि घरेलू कनेक्शनों के नाम पर पीएचई से 140 रूपए मासिक में जमकर बडी मोटरों से पानी खिंचा जा रहा है और 30-40 रूपए प्रति 20 लीटर केन में बेचा जा रहा है।

### ये कहता है बोतल बंद पानी के लिए नियम

बोतलबंद पानी तैयार करने वाले हर प्लांट के लिए बीआईएस लाइसेंस होना अनिवार्य है। प्लांट परिसर में स्वच्छता और हाइजीन के सख्त मानक लागू होते हैं। पानी को आरओ और यूवी प्रक्रिया से शुद्ध करना जरूरी है। हर बोतल पर मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट, बैच नंबर और प्लांट का पूरा पता स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। पानी की गुणवत्ता की नियमित लैब जांच और उसका रिकॉर्ड रखना जरूरी है। स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा विभाग को समय-समय पर निरीक्षण और सैंपलिंग करनी होती है। नियम तोड़ने पर प्लांट सील करने और लाइसेंस निरस्त करने तक का प्रावधान है।

### न के बराबर जांच

पीएचई विभाग के गऊघाट वाटर फिल्टर प्लांट पर स्थित लेब में निजी पानी की जांच का काम भी किया जाता है। यहां के अधिकृत सूत्रों के अनुसार प्रति दिन सप्लाय होने वाले पानी की हमारे यहां सेंपल लिए जाते हैं। यहां निजी पानी की जांच का काम भी किया जाता है,लेकिन निजी व्यावसायिक स्थिति वाले यहां इक्का-दुक्का ही जांच करवाने आते हैं। विभागीय नियमों के अनुसार व्यवसायिक स्तर पर पानी की जांच के लिए 1490 रूपए का चालान विभाग में जमा करना होता है। घरेलू नलकूप एवं कुओं के पानी की जांच के लिए रूपए 350 का चालान जमा करना होता है।

### सीएस बोले- जल संसाधन से सीखो

## मुख्य सचिव ने किया सिंहस्थ का रिव्यूः 3 विभागों के काम धीमे


**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ की तैयारियों के कामों का रिव्यू कर रहे मुख्य सचिव (सीएस) अनुराग जैन ने तल्ख लहजे में तीन विभागों पर्यटन, पीडब्ल्यूडी और नगरीय विकास एवं आवास विभाग (अर्बन) को कहा कि वे अपने विभाग के कामों की गति बढ़ाएं। जल संसाधन के सभी कामों की मंजूरी हो गई है।

काम शुरू हो गए हैं। यह सिंहस्थ से काफी पहले पूरे भी हो जाएंगे, लेकिन आपके धीमी गति से चल रहे हैं। सीएस ने गुरुवार को मंत्रालय में यह रिव्यू किया और कहा कि अब साप्ताहिक समीक्षा की जाए और यह भी तय हो कि निश्चित अवधि से पहले सिंहस्थ के काम हों।



सीएस ने कहा कि सिंहस्थ में जितने भी नए काम प्रस्तावित हैं, उनका स्पॉट निरीक्षण उज्जैन संभाग के प्रभारी व अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा व अपर मुख्य सचिव संजय दुबे 11 जनवरी को करेंगे।



नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | रविवार 11 जनवरी, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### ड्रेनेज और पेयजल की लाईन डालने का कार्य तेजी से जारी

**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के बाद स्थिति में तेजी से सुधार आ रहा है। स्थिति का मैदानी जायजा लेने के लिए आज सुबह अपर मुख्य सचिव द्वय श्री नीरज मण्डलोई एवं अनुपम राजन ने जिला प्रशासन, नगर निगम और स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। श्री मण्डलोई और श्री राजन ने अपने भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं ड्रेनेज सुधार कार्यों की मौके पर समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव श्री मण्डलोई और श्री राजन ने भागीरथपुरा की पानी की टंकी, स्वास्थ्य केन्द्र, संजीवनी केन्द्र, आँगनवाड़ी सहित क्षेत्र में चल रहे ड्रेनेज तथा पेयजल लाईन सुधार के कार्यों का निरीक्षण किया।

### 40 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर की साईट पर ही की रिपेयरिंग

**इंदौर।** एम.पी. ट्रांसको के इंजीनियर्स ने अपनी तकनीकी दक्षता, मेटेरियल मैनेजमेंट और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रभावी परिचय देते हुए 40 एम.व्ही.ए. क्षमता के एक अत्यधिक क्षतिग्रस्त पावर ट्रांसफार्मर की सबस्टेशन स्थल पर ही मेजर रिपेयरिंग कर उसे सफलतापूर्वक पुनः ऊजीर्कृत किया। इस प्रयास से कंपनी को संभावित आर्थिक नुकसान से तो बचाया जा सका साथ ही रबी फसल के महत्वपूर्ण लोड सीजन के दौरान ट्रांसमिशन नेटवर्क में लंबे आउटेज की आशंका को भी समाप्त किया गया। जिले के 132 के.व्ही. सबस्टेशन, मनगवां में स्थापित 40 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर तकनीकी कारणों से आग लगने के चलते गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। ट्रांसफार्मर निमार्ता कंपनी के इंजीनियर द्वारा निरीक्षण के उपरांत यह अभिमत व्यक्त किया गया कि ट्रांसफार्मर की साईट पर रिपेरिंग संभव नहीं है तथा इसे कंपनी के वर्क्स में भेजकर रिपेयरिंग कराना आवश्यक होगा। किंतु क्षेत्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क में 40 एम.व्ही.ए. क्षमता की महत्ता एवं स्थानीय ट्रांसमिशन नेटवर्क आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए एम.पी. ट्रांसको प्रबंधन द्वारा इसे साईट पर ही रिपेयर करने का निर्णय लिया गया।

# मकर संक्रांति पर होगा सूर्य का मकर प्रवेश, शनि नवग्रह मंदिर बनेगा साक्षी

### सूर्य एवं शनि की शिखर ध्वजाओं का दिव्य मिलन होगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

उज्जैन स्थित शनि नवग्रह मंदिर मकर संक्रांति के पावन अवसर पर इस वर्ष एक दुर्लभ खगोलीय एवं आध्यात्मिक क्षण का साक्षी बनेगा। यहां सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन समाज को पिता-पुत्र संबंधों में मधुरता, सम्मान और संवाद का संदेश देगा।



### जानें क्या है स्कंद पुराण में वर्णित इस मंदिर की विशिष्टता

स्कंद पुराण में वर्णित शनि नवग्रह मंदिर अपनी अद्वितीय संरचना के लिए जाना जाता है। यह विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां नवग्रहों के भूगर्भीय गर्भगृह एक-दूसरे से पूर्णतः पृथक एवं स्वतंत्र हैं। प्रत्येक ग्रह अपने अलग भूमिगत गर्भगृह में प्रतिष्ठित है। इसी विशेषता के कारण यहां सूर्य देव का मकर राशि में प्रवेश केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि साक्षात ईकरण के रूप में संपन्न किया जाता है।

### 14 जनवरी को होगा विशेष आयोजन

यह आयोजन 14 जनवरी 2026 (बुधवार) को शनि नवग्रह मंदिर, त्रिवेणी, उज्जैन में आयोजित होगा। सूर्य देव को पालकी में विराजमान कर उनके भूमिगत गर्भगृह से डमरु-ढोल की गूंज के साथ त्रिवेणी नदी तक ले जाया जाएगा। इस दिव्य सवारी में 111 बटुक ब्राह्मण विभिन्न ग्रहों की ध्वजाएं धारण कर शामिल होंगे और मार्ग में सामूहिक रूप से आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करेंगे। त्रिवेणी नदी पर आचमन एवं विधिवत पूजन के उपरांत सूर्य देव पुनः शनि नवग्रह मंदिर लौटेंगे।

### सायं 3:13 बजे होगा सूर्य का मकर प्रवेश

खगोलीय गणना के अनुसार सायं 3 बजकर 13 मिनट पर सूर्य देव का मकर राशि में प्रवेश होगा। इसी शुभ क्षण में सूर्य देव को शनि नवग्रह मंदिर के भूमिगत गर्भगृह में मकर राशि में साक्षात ईकरण के रूप में विराजित किया जाएगा। इस दौरान सूर्य एवं शनि की शिखर ध्वजाओं का दिव्य मिलन होगा, जिसे पिता-पुत्र एकता, संतुलन और पारिवारिक सौहार्द का प्रतीक माना जाता है।

### नवम वर्ष में प्रवेश कर रही है सूर्य देव की सवारी

कार्यक्रम के आयोजक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक गुरु कृष्णा मिश्रा ने बताया कि सूर्य देव की यह सवारी इस वर्ष अपने नवम वर्ष में प्रवेश कर रही है। सूर्य (पिता) और शनि (पुत्र) के पारस्परिक संबंधों के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन रिश्तों में कटुता नहीं होनी चाहिए। सूर्य देव का गुड़ और शनि देव का तिल जीवन में मिठास, संयम और संतुलन का प्रतीक हैं।

### खिलाड़ियों का एसपी ने किया सम्मान

उज्जैन। खेलो इंडिया बीच गेम्स के पदक विजेता मलखंभ खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स के अंतर्गत हुई मलखंभ चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की महिला टीम द्वारा 6 रजत पदक और पुरुष टीम द्वारा 12 कांस्य पदक अर्जित कर राज्य को पदक तालिका में द्वितीय स्थान दिलाया गया। शुक्रवार को सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को एसपी शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

**चरक अस्पताल और रैन बसेरों में दिए रूम हीटर-** शीतलहर को ध्यान में रखते हुए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शुक्रवार को चरक अस्पताल एवं आश्रय स्थलों में पहुंचकर हीटर दिए गए। इस क्रम में चरक अस्पताल के पीआईसीयू के वार्ड में 6 नग हीटर दिए।

## इंदौर से स्टार एयर शुरू करेगी सीधी उड़ान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर से मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। इंडिगो और एयर इंडिया के बाद अब स्टार एयर ने भी इंदौर से मुंबई के लिए सीधी उड़ान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह उड़ान 15 जनवरी से सप्ताह में पांच दिन संचालित होगी। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी है। शुरूआती किराया करीब पांच हजार रुपए रखा गया है। हालांकि, इसके साथ ही कंपनी ने इंदौरझबेंगलुरु की अपनी उड़ान को बंद कर दिया है। ट्रेवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि स्टार एयर की यह फ्लाइट इंदौर से सीधे मुंबई जाएगी।

# महाकाल वन में पहली बार अंतराष्ट्रीय महाकाल महोत्सव

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

धार्मिक नगरी उज्जैन में 14 से 18 जनवरी 2026 तक श्रीमहाकाल महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री करेंगे। यह आयोजन आध्यात्म, लोक परंपरा और वैश्विक संस्कृति का अनूठा संगम होगा। महोत्सव के पहले दिन प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन अपने बेटों सिद्धार्थ और शिवम के साथ प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा सोना महापात्रा, द ग्रेट इंडियन क्वायर सहित कई प्रसिद्ध कलाकार मंच साझा करेंगे। जनजातीय लोक कलाकारों की कला यात्राएं और प्रस्तुतियां महोत्सव का विशेष आकर्षण रहेंगी। इसके साथ ही इंडोनेशिया और श्रीलंका के नाट्य दलों की सहभागिता से अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संवाद को भी बल मिलेगा। यह आयोजन वीर भारत न्यास, श्रीमहाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति तथा जिला प्रशासन, नगर निगम सहित विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से किय। जा

### यह होंगे आयोजन

दरअसल 14 से 18 जनवरी तक होने वाले इस पांच दिवसीय आयोजन में शिव तत्व की अनुभूति दर्शन कला और जन उत्सव का समन्वय देखने को मिलेगा। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय विचारक, संत और आध्यात्मिक गुरु अपने विचार व्यक्त करेंगे। लोक कला, बैंड, बहुरूपिए, प्रदर्शनी और पतंग उत्सव जैसे आयोजन देखने को मिलेंगे। भव्य शिव बारात निकलेगी। इस आयोजन में उज्जैन के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थानों जैसे कालभैरव मंदिर, चिंतामन गणेश, गढ़कालिका और भर्तहरि गुफा को केंद्रित किया जाएगा।

### इसीलिए हो रहा आयोजन

वीर भारत न्यास के सचिव श्री राम तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विचार था कि महाकालेश्वर सृष्टि के रचयिता है। उन्होंने यहां निवास किया। भगवान के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन हो। यह पहला वर्ष है। इस आयोजन में महाकाल मंदिर न्यास, वीर भारत न्यास, त्रिवेणी न्यास सहित स्थानीय संस्था शामिल होगी।



## न्यूज-कॉलम




### लोमड़ी के हमले के बाद वन विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**टांडा।** लोमड़ी के हमले के बाद वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा घायलों को नगद राशि देकर आर्थिक सहयता दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जनवरी को ग्राम बड़दा में पशु चराने के दौरान लोमड़ी ने हमला किया था। जिसमे 3 व्यक्ति घायल हो गए थे। हमले की सूचना वन परिक्षेत्रा धिकारी एच. एस कन्नोजे को दी गई। तत्पश्चात वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों से जानकारी ली। उक्त घटना को वनमंडलाधिकारी विजयनंथम टी.आर के द्वारा संज्ञान में लिया गया एवं घायल को प्रति व्यक्ति एक हजार रुपये कुल 3 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु आदेश दिया गया। विभाग द्वारा वन्यप्राणी लोमड़ी के हमले में घायल व्यक्तियों के संबंध में प्रकरण व पंचनामा भी तैयार किया गया। वही विभाग द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर वन्यप्राणी के पगमार्ग के फोटो लिए गए तथा घायलों को सहायता राशि प्रदान की गई। परिक्षेत्र सहायक कैलाशचंद्र कनाशा,राधुसिंह सोलंकी,वनरक्षक बबलू फूलकर,नरेंद्र राठौर,तेंदूपत्ता प्रबंधक राजेंद्र राठौड़ के द्वारा आसपास के ग्रामीणों को सावधानी बरतने हेतु समझाइश दी गई। तथा छोटे बच्चों को अकेले-दुकेले नहीं घूमने हेतु साथ ही रात्रि में बाहर नही निकालने को कहा गया।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत लगातार जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**अलीराजपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह का आयोजित किया जा रहा है । जिसके अन्तर्गत जिला आलीराजपुर मैं भी उक्त सडक सुरक्षा के तहत लगातार जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, और सडक दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। आलीराजपुर जिला में प्रायः देखा गया है की यहाँ ज्यादा मात्रा में ट्रेक्टर ट्रालिया चलती है और ट्रालियो में बैक लाईट सम्बंधी कोई संकेतक नही होते है जिनके कारण रात्री में ज्यादातर लोग इन ट्रालियें में पिछे से घुस जाते है, इसके उचित उपाय के तौर पर पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिह महोदय द्वारा यातायात पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये जिसके पालन में यातायात पुलिस द्वारा जिले के समस्त थानों को ट्रेक्टर ट्रालियो के पीछे रिफ्लेक्टिव रेडियम लगाने के लिये उपलब्ध कराये गये हैं। दिनांक 9 जनवरी को जिला मुख्यालय पर करीब 65 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव रेडियम लगाये गये और लोगो को यातायात नियमो का पालन करने व सडक दुर्घटनाओं से बचने के लिये आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई ।

### प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए अवकाश घोषित

**बड़वानी।** प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन के लिए वर्ष 2026 में 52 रविवार के अतिरिक्त शेष 13 दिवस का अवकाश स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा घोषित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आरएस गुण्डिया से प्राप्त जानकारी अनुसार 14 जनवरी को मकर संक्राति का, 3 मार्च को होली का, 27 मार्च को रामनवमी का, 3 अप्रैल को गुड फ्रायडे , 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा का, 26 जून को मोर्हरम का, 28 अगस्त को रक्षाबंधन का, 4 सितम्बर को जन्माष्टमी का, 14 सितम्बर को गणेश चतुर्थी का, 20 अक्टूबर को दशहरा का, 29 अक्टूबर को करवा चौथ पर्व का, 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा का तथा 24 नवंबर को गुरूनानक जयंती का अवकाश घोषित किया गया है।

### जिला सहकारिता कर्मचारियों को ई विकास प्रणाली का दिया प्रशिक्षण



**मंडलेश्वर।** संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मध्यप्रदेश शासन के तत्वाधान में प्रदेश में किसानों को सुगमता पूर्वक उर्वरक वितरण हेतु ई- विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली को संपूर्ण प्रदेश में 15 जनवरी 2026 से प्रारंभ किया जाना है। कलेक्टर महोदया जिला खरगोन के दिशा निदेशो के अंतर्गत जिला सहाकरी केंद्रीय बैंक मर्यादित खरगोन के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती संध्या रोकडे के मार्ग दर्शन में ई-विकास प्रणाली का विस्तृत प्रचार- प्रसार एवं सुचारु क्रियान्वयन के उद्देश्य से कृषक सदस्यों के ई टोकन जारी करने एवं उर्वरक वितरण समय पर हो एवं पारदर्शिता के साथ उर्वरक की पहुच सुनिश्चित हो के संबंध में मंडलेश्वर अंतर्गत क्षेत्र की पेक्स सहकारीता कर्मचारियों को ई-विकास पोर्टल पर कार्य करने हेतु बैंक मुख्यालय के अधिकारी राजेश गुप्ता प्रभारी विपणन अधिकारी एवं बैंक अधिकारी अशरफ अली सैय्यद एवं अजय आडतिया द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण शाखा मंडलेश्वर में प्रदान किया गया। इस अवसर पर बैंक शाखा के क्षेत्रीय अधिकारी विष्णु पटेल शाखा प्रबंधक कपिल राज नेगी तथा क्षेत्र के समिति प्रबंधक कंप्यूटर ऑपरेट एवं खाद विक्रेता उपस्थित रहे।

### कृषि और उद्योग क्षेत्र को मिलेगी नई उड़ान

**बड़वानी ।** भारत सरकार की एमएसई - सीडीपी योजना के अंतर्गत बड़वानी जिले की तहसील ठीकरी स्थित औद्योगिक क्षेत्र घटवा को च्च फूड पार्क क्लस्टर च्च की स्थापना के लिए चयनित किया गया है। इस क्लस्टर के माध्यम से जिले में कृषि आधारित उद्योगों को बड़े स्तर पर बढ़ावा मिलेगा।

# ग्राम निमथल में नाबालिग बालक की हत्या का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर



जोबट, जिला अलीराजपुरः थाना जोबट पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये ग्राम निमथल में घटित नाबालिग बालक की निर्मम हत्या के 'अंधे कत्ल' का सफल पटाक्षेप किया है। पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी जोबट श्री रविन्द्र राठी के नेतृत्व में गठित टीम ने घटना के मात्र 72 घंटों के भीतर न केवल आरोपियों को चिन्हित किया, बल्कि उन्हें अभिरक्षा में लेने में भी सफलता प्राप्त की है।

घटनाक्रम का विवरणः दिनांक 6 जनवरी को थाना जोबट पर ग्राम निमथल के झिकरी बयड़ी क्षेत्र में एक अज्ञात बालक का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण करने पर प्रथमदृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हुआ। मृतक की पहचान करण पिता राकेश रावत (निवासी निमथल) के रूप में की गई। मृतक के पिता ने पुलिस को सूचित किया कि दिनांक 4.5.2025 की रात्रि में बालक गांव के एक मांगलिक कार्यक्रम (नाच-पाटला) में सम्मिलित होने गया था, जिसके बाद से वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। उक्त सूचना के आधार पर थाना जोबट में अपराध क्रमांक 12/2026, धारा 103 (1) बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

विवेचना एवं तकनीकी साक्ष्यः विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन करते हुए हत्या में प्रयुक्त रक्त-रंजित पत्थर बरामद किया। तकनीकी विश्लेषण और स्थानीय मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने संदेहियों की सूची तैयार की। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक को अंतिम बार गांव के ही सुशील के साथ देखा गया था। वहीं, एक अन्य संदेही दिलीप घटना के उपरांत अपना मोबाइल बंद कर गुजरात फरार हो गया था। इन कड़ियों को जोड़ते हुए पुलिस ने जब संदेही सुशील को हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ की, तो उसने अपने दो अन्य साथियों, दिलीप और कैलाश के साथ मिलकर हत्या करने का अपराध स्वीकार किया।

अपराध का कारण : पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से करण को सिगरेट और ताड़ी पिलाने के प्रलोभन में गांव के बाहर ले जाकर पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी थी। इस जघन्य अपराध के मूल में तीन प्रमुख रंजिशें सामने आई हैं: मृतक द्वारा पूर्व में आरोपी दिलीप के परिजनों के विरुद्ध ग्राम पंचायत में गवाही देना। मृतक के पिता और आरोपी सुशील के परिवार के मध्य पुराना घरेलू विवाद। ट्रैक्टर व्यवसाय से जुड़ी आर्थिक प्रतिस्पर्धा के कारण उत्पन्न द्वेष।

पुलिस टीम की उपलब्धिः उक?त अनसूलझे प्रकरण को सुलझाने में थाना प्रभारी जोबट निरीक्षक विजय वास्कले, उप-निरीक्षक गोविन्द कटारे एवं आरक्षकगण गजेन्द्र, मनीष, चैनसिंह व रवि मिनावा एवं सायबर अलीराजपुर की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी सुशील की निशानदेही पर मृतक का मोबाइल भी बरामद कर लिया है। वर्तमान में तीनों आरोपी–सुशील पिता हेमता रावत, दिलीप पिता सेकड़ीया गाडरिया एवं कैलाश पिता केसीया डुडवे–पुलिस गिरफ्त में हैं और मामले की अग्रिम वैधानिक विवेचना जारी है।

## नेपानगर में युवा कांग्रेस संगठन ने भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



नेपानगर में युवा कांग्रेस संगठन द्वारा भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र मसाने द्वारा बताया गया कि इंदौर जो पूरे देश में लगातार सात बार स्वच्छता में प्रथम स्थान पर है लेकिन इंदौर में ही भागीरथ पूरा में दूषित पानी पीने से 20 लोगों की मौत हो गई जिसके आंकड़े छुपाने का काम मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कर रही वही जब मीडिया के साथी जब मंत्री कैलाश विजयवर्गी से इस मामले में सवाल पूछते हैं तो मंत्री बेतुके बयान देते हुए घंटे जैसे अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हैं। जिसके विरोध में युवा कांग्रेस ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौराहे से भाजपा कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय के सामने एक पेड़ बेशरम भाजपा सरकार के नाम बेशरम का पेड़ लगाया और भाजपा कार्यालय में गंदे पानी की बोतले रख कर अपना विरोध दर्ज कराया।

विधानसभा अध्यक्ष आकाश राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दे नगर अध्यक्ष कुणाल तोमर ने कहा कि भाजपा के मंत्री के शर्मनाक बयान निंदनीय है उन्हें अपने पद इस्तीफा मांगा जिला अध्यक्ष रविंद्र महाजन ने सरकार को आईना दिखाते हुए कहा कि भाजपा बेशरम हो गई है और उसे आज हमारे द्वारा गंदा पानी देकर युवा कांग्रेस के माध्यम से बेशरम का पौधा उनके कार्यालय के सामने लगाया। वही नगर के बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौराहे पर पहुंच कर इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई नागरिकों की मृत्यु पर सभी के द्वारा सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान युवा कांग्रेस बुरहानपुर जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र मसाने, नेपानगर विधानसभा अध्यक्ष आकाश राठौड़, नेपानगर ब्लॉक अध्यक्ष कुणाल तोमर, धुलकोट ब्लॉक अध्यक्ष सुनील डुडवे, नावरा ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद बोरसिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र महाजन, कार्यकारी जिला अध्यक्ष जगमीत सिंह जॉली, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बेस, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सोहन सैनी, मंडलम अध्यक्ष पांडुरंग आमले, विनोद पाटील, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पटेल, पार्षद विनोद पाल, जितेंद्र पाटील, पंकज मलना, कैलाश पटेल, अजय पगारे, चंद्रकांत प्रजापति, किशोर राजपूत, राजू दामु पाटील, रविन्द्र मसाने, रविन्द्र अड़कमोल, पवन बर्डे, लालसिंह चेंगा, रविन्द्र सोनवाने, संजय पवार, संध्या राजन, चंचला पाटील, अनुराग कोचूरे, सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परिषद के इंजीनियर ने खड़े रहकर करवाया घटिया निर्माण

**मंडलेश्वर ।** नगर में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य नहीं किए जा रहे हैं। जगजीवन मार्ग के पास एक गली में कांक्रीट रोड का निर्माण किया जा रहा है। नगरवासियों ने वहां चल रहे निर्माण कार्यों पर सवाल खड़े किए हैं। नगरवासियों ने पाया कि नप उपयंत्री की देखरेख में ही ठेकेदार के मजदूर अपने मनमाने तरीके से कार्य कर रहे थे। गली में की जा रही कांक्रीट की मोटाई जो कि साढ़े छः इंच होना चाहिए थी वो अधिकांश जगह तीन इंच से ज्यादा नहीं थी। उपयंत्री आरती मंडलोई की मौजूदगी में ही तीन चार इंच की मोटाई का रोड निर्माण हो रहा था। कांक्रीट में की जा रही गड़बड़ियों की शिकायतों पर नगर परिषद के सीएमओ संजय रावल मौके पर पहुंचे। उन्हें रेत, गिट्टी और कांक्रीट के मोटाई में की जा रही गड़बड़ी को दिखाया व उनके समक्ष ही कांक्रीट में पानी की अधिकता को लेकर भी प्रश्न किया। स्लम टेस्ट पर भी सवाल उठाए। लेकिन अधीनस्थों ने कहा स्लम टेस्ट किया जा रहा है। जबकि मौके पर स्लम टेस्ट (स्लम कप) जांचने करने का कोई साधन नहीं मिला। नगरवासियों ने आरोप लगाया कि यह निश्चित रूप से ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए ही किया जा रहा है। मौके पर स्लम कप और इंच टेप जैसे तकनीकी संसाधन भी इंजीनियर और ठेकेदार ने मौके पर नहीं रखे थे।

## गुरुकृपा कॉलोनी में दूषित पेयजल से हाहाकार, 250 परिवारों पर स्वास्थ्य संकट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



जिले की ग्राम पंचायत बलवाड़ी अंतर्गत स्थित गुरुकृपा कॉलोनी में पेयजल की गंभीर समस्या सामने आई है। कॉलोनी में निवासरत लगभग 200 से 250 परिवार इन दिनों गंदा और बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य संकट गहराता जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार कॉलोनी में ड्रेनेज लाइन और पेयजल पाइपलाइन एक-दूसरे के बेहद पास डाली गई है। ड्रेनेज लाइन का उचित निकास नहीं होने तथा जगह-जगह लीकेज की स्थिति के चलते गंदा पानी पेयजल पाइपलाइन में मिल रहा है। परिणामस्वरूप घरों तक पहुंचने वाला पानी दूषित और बदबूदार हो चुका है।

दूषित पानी के सेवन से कॉलोनी में वायरल फीवर, पेट दर्द, उल्टी-दस्त और त्वचा संबंधी बीमारियों के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत ज्यादा प्रभावित हो रही है।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित विभागों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पेयजल पाइपलाइन और ड्रेनेज लाइन को अलग-अलग कर तत्काल सुधार कार्य कराया जाए तथा शुद्ध पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि संभावित बड़ी बीमारी से क्षेत्र को बचाया जा सके।

## महिलाओं को सिर पर रेडीमेड टीकी व बिन्दी की जगह कंकु का श्री का तिलक लगाना चाहिए -पूज्य गुरुदेव

### छठे दिन शिवमहापुराण कथा में तुलसी-सालीग्राम विवाह सम्पन्न हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



महिलाओं को सिर पर रेडीमेड टीकी व बिन्दी की जगह कंकु का श्री का तिलक लगाना चाहिए। टीकी व बिन्दी सुहाग की निशानी है, इसे निकालने के बाद बाथरूम या नल पर नही लगाना चाहिए, इससे सुहाग का अपमान होता है। महिलाओं को पैर में हमेशा चांदी पहनना चाहिए। काला धागा कभी भी पैर में नही बांधना चाहिए। हमेशा अपने ईष्ट की प्रशंसा को केन्द्र में रखकर ध्यान करना चाहिए। नारी कोई भी कार्य करे, बाजार में जाये या अपने पिहर जाये, घर वालों से आज्ञा लेकर, वह कार्य करना चाहिए। जीवन में किसी भी समस्या का समाधान न मिले तो संतो के पास जाना चाहिए।

उपरोक्त विचार आलीराजपुर नगर में वैष्णव धाम पर वैष्णव ग्रुप द्वारा आयोजित शिवमहापुराण कथा के छठे दिन अंतराष्ट्रीय कथावाचक पं. परम श्रद्धेय श्री पुष्पानंदन जी महाराज (पवन तिवारी) कांटाफोड़ वाले ने व्यासपीठ से कही। कथा नीमचौक, एम.जी. रोड़ पर आयोजित की जा रही है। व्यासपीठ का पूजन श्रीकिशन जगन्नाथ सोमानी परिवार व गोपीकिशन हिरालाल सोमानी परिवार ने किया। आगे पूज्य पण्डित पुष्पानंदन जी ने सुदामा की कथा सुनाते हुए कहा कि द्वार पर कोई भी आये, उसका सम्मान करना चाहिए। नृसिंह जी की कथा सुनाते हुए पण्डित जी ने कहा कि राम को रावण पर विजय विभिषण ने दिलाई। सत्यनारायण भगवान की कथा का उद्गम नेमीसारण्य में हुआ। गणेश जी के परिवार में पांच पत्नियां है। पहली रिद्धी, जिससे ज्ञान की प्राप्ति होती है, दूसरी सिद्धि, जिससे धन की प्राप्ति होती है, तीसरी श्री, जिससे सम्मान मिलता है, चौथी पुस्ती, जिससे स्वस्थता का अनुभव होता है, पांचवीं तुष्टी, जिससे संतुष्टि का अनुभव होता है। पहला सुख निरोगी काया। पूजन करने से ज्ञान की प्राप्ति होती है। पत्नि को कभी भी नाम से नही बुलाना चाहिए। वाईफ की जगह देवी शब्द का प्रयोग करे।

## न.प. ने नाली में पीने के पानी की पाइप लाइन डाल दी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से मृत हुए लोगों के बाद पूरे प्रदेश में प्रशासन अलर्ट पर है। पीने के पानी की जांच से लेकर पेयजल पाइप लाइन, पानी की टंकियों की स्थिति देखी व जांची जा रही हैं। नगर में भी इसको लेकर कवायद हो चुकी है। एसडीएम ने नपा अधिकारियों के साथ कई स्थानों का औचक निरीक्षण किया था। बावजूद इसके नगर में स्थितियां जस की तस बनी हुई है। जिसके चलते दूसरा भागीरथपुरा बनने की स्थिति बन चुकी है। नगर पंचायत ने वार्ड 10 और 11 में नई पाइप लाइन डाली जा रही है। लेकिन यह पाइप लाइन डालने में ठेकेदार द्वारा गंभीर लापरवाही करते हुए नाली में ही पाइप लाइन डाल दी गई है। जिसके साथ ही रहवासियों को कनेक्शन भी दे दिए हैं। जिस पर नप सहित कंसलटेंट के जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं। वहीं नप अधिकारी अब पाइप लाइन को नाली से दूर करने की बात कह रहे हैं। करीब 2 करोड़ 25 लाख की लागत से ओवरहेड टैंक निर्माण के साथ दलित बस्तियों में पाइप लाइन डालने की यह योजना अमृत 2.0 के तहत नगर में चल रही है। जिसका कॉन्ट्रैक्ट जेएनबी कंस्ट्रक्शन, सूरत के द्वारा लिया गया है। वहीं इस कार्य की देख रख के लिए पीडीएमसी कंसल्टेंसी को नियुक्त किया गया है। कंसल्टेंसी के फील्ड इंजीनियर सलमान खान ने बताया नगर में अभी कोई काम नहीं चल रहा है और ना ही कोई भी पाइप लाइन नाली में डाली है। जबकि मौके पर स्थिति इसके उलट है। कंसल्टेंसी को किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं है। जिससे यह प्रतीत होता है कि कंसल्टेंसी धरातल पर कोई काम नहीं कर रही है। जगजीवन मार्ग के पास वाली गली में करीब 30 रहवासी घर हैं। जिनमें नई पाइप लाइन से कनेक्शन दिए गए हैं। वहीं वर्तमान में पुरानी पाइप लाइन से पेय जल सप्लाई किया जा रहा है। पुरानी लाइन में भी कई कनेक्शन नाली में खुले हुए हैं। जिससे नाली का पानी भी पाइप लाइन में जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के 17 ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्य करने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने और जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर, जिला परिवहन अधिकारी राकेश भूरिया, यातायात प्रभारी विनोद बघेल सहित एनएचएआई, एमपीआरडीसी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री राकेश भूरिया ने बताया कि वर्ष 2025 जिले में कुल 17 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं, जिसमे रोड एजेंसी एनएचएआई के 12, एनएचपी डब्ल्यूडी के और एमपीआरडीसी के 4 ब्लैक स्पॉट शामिल हैं। कलेक्टर ने इन स्थानों पर तत्काल निम्नलिखित कार्य करने के निर्देश दिए। शॉर्ट टर्म कार्य - इन स्थानों पर रंबल स्ट्रिप लगाना, उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना और खराब ब्लिंकर्स की मरम्मत करना। सीएमओ ठीकरी को निर्देश दिए गए कि जिले के एंट्री पॉइंट पर एक माह के भीतर नए और स्पष्ट साइन बोर्ड लगाए जाएं। लॉन्ग टर्म कार्य - दुर्घटना संभावित मोड़ों का चौड़ीकरण करने हेतु उच्च स्तर पर समन्वय कर कार्य पूर्ण कराएं।

## सकल हिन्दु समरसता सम्मिलन 11 जनवरी को होगा

**खंडवा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बडाबम हिन्दु बस्ती का सकल हिन्दु समरसता सम्मिलन 11 जनवरी 2026 रविवार को बडाबम चौराहे पर संपन्न होगा । सम्मिलन संचालन समिति बडाबम द्वारा सम्मिलन की संपूर्ण तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। सम्मिलन में देश भक्ति से ओतप्रोत नाटिकाओं एवं गीतो की प्रस्तुती कर महिला समिति की से सुंदर भजनों की प्रस्तुती दी जायेगी। सम्मिलन में भारत माता पूजन एवं भारत माता की सामूहिक आरती भी की जायेगी। सम्मिलन को विद्वान संत एवं प्रखर वक्ता संबोधित करेंगे। हिन्दु संस्कृति, कुटुम्भ प्रबोधन, संघ के निर्देश पंच परिवर्तन पर्यावरण सुरक्षा, एवं नागरिक अनुशासन, स्वदेशी, जागरण, सहिष्णुता एवं उदार चरित्र तथा अनुशासन से समाज की हिन्दु एकता पर उद्बोधन दिया जायेगा। सम्मिलन में समरता भोज का आयोजन कर हिन्दु एकता का परिचय दिया जायेगा। संचालन समिति बडाबम बस्ती आप समस्त बस्ती के नागरिकों से अपील करता है कि वे आयोजन में सम्मिलित होकर हिन्दु एकता का परिचय देवें। एवं राष्ट रक्षा का संकल्प ले ।

## बेटियों के सपनों को मिली नई उड़ान

**खण्डवा।** खण्डवा की बेटी श्वेता नरसरिया ने अपनी कड़ी मेहनत, प्रतिभा और संकल्प से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खण्डवा का नाम गौरवान्वित किया है।

**पश्चिम रेलवे**

ग्लो साइन बोर्ड और स्टेशन नाम बोर्ड उपलब्ध कराना
मुंबई सेंट्रल, मुंबई स्थित सीनियर Sr.DEE/P/Mumbal/पी ने ई-टेंडर संख्याः EL-81-835-WA-76 दिनांक 08.01.2026 को आमंत्रित किया है। कार्य और स्थानः मुंबई डिवीजनः दिव्यांग यात्रियों और अन्य यात्रियों के लिए ग्लो साइन बोर्ड और स्टेशन नाम बोर्ड लगाकर मार्गदर्शन प्रणाली में सुधार करना। कार्य की अनुमानित लागतः 4,18,86,158/- रुपये। ईएमडीः 3,59,400/- रुपये। जमा करने की तिथि और समयः 06.02.2026, दोपहर 3.00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि और समयः 06.02.2026 को दोपहर 3.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0991
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्री निलेश किशनानी पिता श्री चौईथराम वार्ड नं. 79 पता-700, सिल्वर स्टार सिटी एक्स-1 निहालपुरमंडी इन्दौर पिन-1003061724 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-1- श्री शशिभूषण तिवारी पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी 2-श्रीमती पूजा तिवारी पति श्री शशिभूषण तिवारी वार्ड नं. 79 पता- 227, सिल्वर स्टार सिटी निहालपुरमंडी इन्दौर पिन-1001191068 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-1- श्री हरीश शिपंणकर पिता श्री मनोहर शिपंणकर, 2-श्रीमती ममता शिपंणकर पति श्री हरीश शिपंणकर वार्ड नं. 79 पता- 174, सिल्वर स्टार सिटी निहालपुरमंडी इन्दौर पिन-1001191068 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

# जब फकीर को पत्नी ने ऐसे दिया फकीरी का ज्ञान



शाह शूजा की पुत्री अत्यंत धर्मपरायण वैराग्यपूर्ण भावनाओं से ओतप्रोत थी। उसके विरक्त भावों के देखकर शाह शूजा ने उसका विवाह एक ज्ञानी फकीर से कर दिया, ताकि उसकी धर्मपरायण भावनाओं को कभी ठेस नहीं पहुंचे और वह अपनी इच्छानुसार अपना जीवन व्यतीत कर सके।

शाह शुजा की पुत्री अपने फकीर पति के साथ खुशी-खुशी उसकी कुटिया में आ गई और कुटिया की सफाई करने लगी। कुटिया की छत में उसने एक छींका लटकते हुए देखा, जिसमें दो सूखी रोटियां रखी थी। उसने आश्चर्य से अपने पति की ओर देखा और पूछा, 'ये रोटियां यहां पर क्यों रखी है?'

'कल हम एक-एक रोटी खा लेंगे।' फकीर ने उत्तर दिया। शौहर की बात सुनकर वह हंस पड़ी और बोली 'मेरे पिता ने तो आपको बैरागी और अपरिग्रही फकीर समझकर ही मेरा निकाह आपके साथ किया था, लेकिन आपको तो कल के खाने की फिक्र आज से ही है। चिंता करने वाला सच्चा फकीर नहीं हो सकता है। अगले दिन की फिक्र के घास खाने वाले जानवर भी नहीं करते हैं, फिर हम तो मनुष्य है मिला तो खा लेंगे, नहीं तो आनंद से खुदा की बंदगी करेंगे।'

फकीर ने अपनी पत्नी को अपने से भी दस कदम आगे समझा और उसके आगे मन ही मन नतमस्तक हो गया और कहा कि 'बेगम आज तुमने मेरी आंखे खोल दी।' यानी सिर्फ कहने से कोई सन्यासी या फकीर नहीं हो जाता है। बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में उतारना पड़ता है। एक राजा की बेटी ने राजमहल का त्याग फकीर की कुटिया में आती है, लेकिन फकीर को पेट पालने की चिंता सता रही है।



सम्पादकीय

## मोदी-ट्रंप बातचीत

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर चल रही वार्ता के बीच पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप में बातचीत होना एक अच्छा संकेत है। यह दिखाता है कि दोनों देश द्विपक्षीय रिश्तों को लेकर प्रतिबद्ध हैं और इसमें जो बाधा आई है, उसे जल्द से जल्द हटाकर आगे बढ़ना चाहते हैं। ट्रेड डील को लेकर दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर कई दौर की वार्ता हो चुकी है। इसी हफ्ते व्यापार, निवेश और रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। मार्च में बातचीत शुरू होने से लेकर अभी तक, रिश्तों में उतार-चढ़ाव के कई दौर आए हैं। इसी दौरान अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ थोप दिया। अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका होने के बावजूद इस पर तल्खी दिखाने के बजाय भारत ने दृढ़ता और संयम का परिचय दिया।

रूसी तेल खरीद पर रोक और दूसरी अमेरिकी मांगों के जवाब में भारत का रुख यही रहा है कि उसका फैसला अपने लोगों के हितों की रक्षा करने वाला होगा। और अब तो अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर भी मान चुके हैं कि भारत ने अब तक का सबसे अच्छा प्रस्ताव दिया है। हालांकि इसके बावजूद अभी तक ट्रंप प्रशासन की तरफ से टैरिफ में छूट देने या डील फाइनल करने के संबंध में कोई संकेत नहीं मिले हैं।

अमेरिका की अनिश्चितताः केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का कहना कि अगर अमेरिका प्रस्ताव से संतुष्ट है, तो साइन कर दे - दरअसल अमेरिकी रुख की इसी अनिश्चितता को दशार्ता है। यह अनिश्चितता कई अन्य स्तरों पर भी प्रकट हो रही है। मसलन- एक तरफ द्विपक्षीय बातचीत में सहयोग बढ़ाने की बात हो रही थी, तो दूसरी तरफ ट्रंप भारतीय चावल पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे थे।

भारत और अमेरिका के बीच बातचीत में हालिया प्रगति के दौरान की एक बड़ी घटना रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन का भारत दौरा है। इस यात्रा की टाइमिंग ने सबका ध्यान खींचा। नई दिल्ली ने इससे यह संदेश तो पश्चिम तक पहुंचा ही दिया कि उसके लिए राष्ट्रीय हित सबसे पहले है और यह भी कि अपनी स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति पर कोई समझौता उसे मंजूर नहीं। भारत ने रूस के साथ पुरानी दोस्ती निभाई है, लेकिन अमेरिका को भी नहीं छोड़ा। अब इसी संतुलन की उम्मीद ट्रंप प्रशासन से भी है। उसे भारत जैसे सहयोगी देश की जरूरतों और चिंता को समझना चाहिए।

वेनेजुएला पर हमला

# तृतीय विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी दुनिया

इसे हम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की दादागिरी ही कहेंगे कि एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति को रातों-रात सैन्य कार्रवाई करके जबरन बंधक बनाकर अमेरिका लाया गया है। जो अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लंघन है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति की बेलगाम होती इच्छाओं और दुनिया को अपनी मुठ्ठी में करने की महत्वाकांक्षा की चरम परिणति है। जिस तरह से अमेरिकी डेल्टा फोर्स ने काराकास में 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' को अंजाम दिया, उससे वेनेजुएला के सुरक्षा बल सकते में आ गए और उन्होंने कोई प्रतिरोध नहीं किया।



सरिता सुराना
(दैनिक अवन्तिका)

जिस तरह से राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेंस को नींद में जबरदस्ती से दबोचकर खींचकर बाहर लाया गया और उन्हें हथकड़ी पहनाकर, आँखों पर पट्टी बाँधकर अमानवीय तरीके से अमेरिका लाया गया और सरेआम उनकी बेइज्जती की गई, उसे देखकर लगता है जैसे दुनिया में मानवाधिकार नाम की कोई चीज नहीं बची।

दूसरे देशों में मानवाधिकार के नाम पर चिल्लाने वाला अमेरिका खुलेआम गुंडागर्दी कर रहा है और उसे रोकने वाला कोई नहीं है। दिन-प्रतिदिन ट्रंप की मनमानियां बढ़ती जा रही हैं और वह बेकाबू सांड की तरह अपने सींगों से सबको घायल करने पर आमादा है। अगर समय रहते इस सांड पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह दुनिया के लिए खतरनाक होता जाएगा।

अब सवाल यह उठता है कि अमेरिका ने किस आधार पर मादुरो के खिलाफ यह कार्रवाई की? कहने को तो ट्रंप कह रहे हैं कि मादुरो नारको टेररिज्म को बढ़ावा दे रहे हैं और ड्रग कार्टेल का संचालन कर रहे हैं। इन्हीं आरोपों के आधार पर आज उन्हें मैनहैट्टन कोर्ट में पेश किया गया। जहां पर मादुरो ने अपने ऊपर लगाए गए तमाम आरोपों को गलत बताया और अपनी रिहाई की मांग की। लेकिन लगता है कि ट्रंप के इशारे पर उनके मुकदमे की अगली सुनवाई की तारीख जान-बूझकर 11 मार्च दी गई है ताकि तब तक अमेरिका वेनेजुएला के तेल संसाधनों पर कब्जा कर सके और सत्ता अपने हाथ में ले सके। अगर ऐसा होता है तो यह न केवल वेनेजुएला के लिए वरन समस्त लैटिन अमेरिकी देशों और एशियाई देशों के लिए भी खतरे की घंटी साबित होगी।

कहने को ट्रंप चाहे कुछ भी कहें लेकिन सारी दुनिया जानती है कि उनकी नीति और नीयत दोनों में खोट है। नारको टेररिज्म तो एक बहाना है, असल में तो अमेरिका वेनेजुएला के समृद्ध तेल भंडार पर अपना कब्जा करना चाहता है। दो करोड़ 85 लाख की आबादी वाला वेनेजुएला तेल और खनिज संपदा की दृष्टि से इतना समृद्ध देश है कि वहां पर तेल के अथाह भंडार के अलावा लोहा, कोयला, सोना, हीरे और निकल के भंडार हैं। वेनेजुएला पूर्व गुआना, ब्राजील और कोलंबिया से घिरे वेनेजुएला एंजेल सहित असंख्य सुन्दर जल प्रपातों, वर्षा वन, सुरम्य उद्यानों और मेरिडा में सर्वोच्च केबल कार के लिए प्रसिद्ध है और ट्रंप इन सब पर कब्जा करके इन्हें अपनी तानाशाही से चलाना चाहते हैं।

दरअसल यह बहुत पहले से सोची-समझी साजिश के तहत बुना गया जाल है। जब से मादुरो चीन के साथ युआन में व्यापार करने लगे और उन्होंने अमेरिकी तेल कंपनियों के प्रस्ताव ठुकराए, तब से ही ट्रंप उनके पीछे हाथ धोकर पड़े थे। पहले उन्होंने मादुरो के खिलाफ एंटी ड्रग्स मुहिम छेड़ी, शैडो फ्लीट पर पाबंदी लगा दी, तीस नौकाएं नष्ट कर दीं और बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी। इतना ही नहीं, मादुरो पर पहले जो 15 मिलियन डॉलर का इनाम था, उसे 50 मिलियन डॉलर कर दिया। यह बहुत बड़ी रकम है और लगता है कि इसके लालच में ही मादुरो के अंगरक्षकों ने उन्हें धोखा दिया।

ट्रंप की इस अवैध और गैर कानूनी कार्रवाई का चारों तरफ विरोध हो रहा है। न्यूयॉर्क के मेयर ममदानी ने इस आक्रामक कार्रवाई का खुला विरोध किया है। वहीं अमेरिका की पूर्व उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने वेनेजुएला को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा - 'डोनाल्ड ट्रंप की वेनेजुएला में की गई कार्रवाई अमेरिका को ज्यादा सुरक्षित और मजबूत नहीं बनाती। मादुरो भले ही एक क्रूर और अवैध तानाशाह हों लेकिन इससे यह सच्चाई नहीं बदलती कि यह कार्रवाई गैर कानूनी और गलत थी।'

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि सभी सदस्य देश संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करें। वहीं अमेरिकी राजदूत माइकल वॉल्ट्ज ने कहा कि 2024 के विवादित चुनावों के बाद मादुरो वैध राष्ट्राध्यक्ष नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने के लिए जरूरी थी, जो अमेरिका और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं। इसका विरोध करते हुए वेनेजुएला के राजदूत ने कहा -'हम अमेरिकी आक्रामकता के इस अहम पहलू को नजरंदाज नहीं कर सकते। वेनेजुएला को उसके प्राकृतिक संसाधनों के कारण निशाना बनाया गया है।'

उन्होंने सुरक्षा परिषद से संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत कार्रवाई करने की अपील की और कहा कि अमेरिका को हमारे राष्ट्रपति और उनकी पत्नी की प्रतिरक्षा का सम्मान करना चाहिए और उनकी तत्काल रिहाई तथा सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने वेनेजुएला के खिलाफ बल प्रयोग की स्पष्ट और बिना शर्त निंदा किए जाने की मांग करते हुए बल के जरिए किसी क्षेत्र या संसाधन के अधिग्रहण के सिद्धांत की फिर से पुष्टि करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने तनाव कम करने, नागरिकों की सुरक्षा एवं अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान को बहाल करने के लिए कदम उठाने की मांग की। कहने को तो वेनेजुएला की उप राष्ट्रपति सुश्री डेल्सी रोड्रिगेज ने अंतरिम राष्ट्रपति पद की शपथ ली है लेकिन ट्रंप ने अपने नापाक इरादे जता दिए हैं और कह दिया है कि सुरक्षित, सही और न्यायपूर्ण सत्ता हस्तांतरण तक सत्ता अपने हाथ में रखेंगे। इसका सीधा-सा मतलब है कि अमेरिका की विराट तेल कंपनियां वेनेजुएला के तेल भंडारों पर कब्जा करके उनका अंधाधुंध दोहन करेंगी। लेकिन डेल्सी रोड्रिगेज ने स्पष्ट कहा - 'मैं उस पीड़ा के साथ आई हूं जो हमारी मातृभूमि पर अवैध सैन्य आक्रामकता के बाद वेनेजुएला के लोगों को पीड़ा झेलनी पड़ी है।

## अंकल सैम की 'मिडनाइट डिलीवरी'

अमेरिका का वेनेजुएला के राष्ट्रपति को रातों-रात 'पार' करने का जुगाड़ देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई ताऊ रात के अंधेरे में पड़ोसी की खाद की बोरी चोरी करने निकला हो, पर हड़बड़ाहट में खुद का ही पजामा खूँटी पर टांग आया हो। इनका यह 'सर्जिकल स्ट्राइक' स्टाइल वैसा ही है जैसे खसम मरा नहीं, रण्डी पहले ही रोने लगी-यानी अभी तख्तापलट पूरा हुआ नहीं और जश्न पहले ही शुरू हो गया। इन महाशयों को लगता है कि ये दुनिया के 'हेड मास्टर' हैं और जिसे चाहे कान पकड़कर बेंच पर खड़ा कर सकते हैं, पर ये भूल रहे हैं कि मामला अब गधे को बाप बनाने जैसा नहीं रहा। लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर इनका यह गुपचुप मिशन ऐसा है मानो चोर की दाढ़ी में तिनका नहीं, बल्कि पूरी झाड़ी फंसी हो। आधी रात को सरकारें उखाड़ने की उनकी यह फुर्ती देख कर हरियाणवी में बस यही निकलता है-खाया पिया कुछ नहीं, गिलास तोड़ा बारह आने।

दूसरी तरफ, वहां के राष्ट्रपति भी कोई काली गाजर नहीं हैं जो एक ही झटके में उबल जाएं। उन्हें 'उठाने' की कोशिशें ऐसी लग रही हैं जैसे कोई भैंस के आगे बीन बजाकर उसे भांगड़ा सिखाने की कोशिश करे। इन 'बड़े चौधरी' साहब का व्यवहार उस बुड्ढे जैसा है जो खुद तो खांसते-खांसते मर रहा है, पर पड़ोसियों को अखाड़े में कुश्ती लड़ने की सलाह दे रहा है। दुनिया भी अब इन्हें देखकर कह रही है-नाचन न जानै, आंगन टेढ़ा। जब अपनी नीतियां औंधे मुंह गिर रही हों, तो दूसरे के घर में आग लगाना सबसे आसान काम है। इनका यह 'किडनैपिंग स्टाइल' लोकतंत्र ऐसा ही है जैसे मुँह में राम, बगल में छूरी और हाथ में लठ। सुधारने चले थे पड़ोसियों को, पर खुद की हालत ऐसी हो गई है जैसे सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली और रास्ते में ढाबे पर रुककर फिर से 'नॉन-वेज' का ऑर्डर दे दिया। इस पूरे ड्रामे में जो 'सस्पेंस' है, वो किसी सी-ग्रेड फिल्म के क्लाइमेक्स जैसा है। रातों-रात राष्ट्रपति को गायब करने की योजना बनाना और फिर मासूमियत का ढोंग करना, इसे कहते हैं-हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और। ये चाहते हैं कि दुनिया इन्हें 'शांति का दूत' समझे, पर हरकतें ऐसी हैं जैसे बंदर के हाथ में उस्तरा आ गया हो और वो सबकी हजामत मुफ्त में करने पर तुला हो।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11 जनवरी 2026 रविवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 17:55
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - अष्टमी 10:20 उपरांत नवमी
नक्षत्र - चित्रा 18:12 उपरांत स्वाति
योग - सुकर्मा 17:27 उपरांत धृति
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 21 तारिख

**मेष-** व्यापार-व्यवसाय में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**वृषभ-** निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी।

**मिथुन-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी।

**कर्क-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**सिंह-** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे।

**कन्या-** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे।

**तुला-** कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**वृश्चिक-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा।

**धनु-** लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर-** व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

**कुंभ-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी।

**मीन-** काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## दलीय निष्ठा और अंतर्मन की आवाज

आमतौर पर देखा गया है कि दल विशेष के शीर्ष राजनीतिज्ञ भी सोची-समझी रणनीति के तहत अपने दल की मुख्यधारा के विपरीत बयान दे देते हैं। राजनीति में ऐसे अवसर भी आते हैं जब कुंठाग्रस्त होकर स्थापित राजनेता अपने ही दल के समक्ष धर्मसंकट की स्थिति निर्मित कर दिया करते हैं। दलीय नेतृत्व द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई भी राजनीतिक लाभ हानि का आकलन करने के पश्चात तय की जाती है। लगभग प्रत्येक राजनीतिक दल ऐसी स्थिति से रूबरू होता रहा है। आम नागरिकों के लिए यह समझ पाना आसान नहीं होता कि वैचारिक असहमतियों के प्रकटीकरण के पीछे आखिर मंशा क्या है ?



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में लगभग हर एक स्थापित नेता तीव्र महत्वाकांक्षा लिए जनहित के प्रति समर्पित राजनीति का दंभ भर रहा है।अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलते विभिन्न राजनीतिक दलों में आंतरिक अनुशासन का परिपालन पूर्ण रुप से संभव नहीं हो पाता। दलीय नीति चाहे कितने भी स्पष्ट हो लेकिन समय-समय पर उभरते वैचारिक मतभेद, गुटबाजी को प्रोत्साहित करते रहे हैं। दलीय नेतृत्व दलगत लाभ या हानि के आधार पर ही अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करता है। ऐसी परिस्थिति में स्थिति और अधिक विकट होती चली जाती है । परिणामस्वरुप जनमानस में राजनीतिक दलो की प्रामाणिकता दांव पर लग जाती है।

अनेक बार राजनीतिक दलों की बैठकों में बाहुबल का प्रदर्शन आखिर क्या सिद्ध करता है ? स्वतंत्र भारत की राजनीति के इतिहास में ऐसे अवसर भी आए हैं जब राजनेताओं को मैदान छोड़ने पर विवश होना पड़ा है। वैसे भी इस समय नीति और सिद्धांतों पर आधारित राजनीति भी बीते समय की बात हो चली है। दरअसल जब दल विशेष की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगता है, तब दूषित राजनीति का वातावरण बनने लगता है । कालांतर में अनुशासनहीनता की मनोवृति दिन-प्रतिदिन दलीय दृष्टि से घातक सिद्ध होती चली जाती है। नतीजतन नीति और सिद्धांतों पर आधारित राजनीति की बातें नागरिकों को बनावटी लगने लगती है । इन विसंगतियों के परिणामस्वरूप वर्तमान राजनीतिक परिवेश में कोई भी राजनेता आदर्श उपस्थित करने में सक्षम नहीं है। विसंगतियों का यही दुष्चक्र राजनीति से समानांतर दूरी बनाए रखने हेतु प्रबुद्ध वर्ग को विवश करता रहा है । फिलहाल तो हम राजनीति के अच्छे दिनों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। राजनीति में सिद्धांतवादी, लोकप्रियता प्राप्त करते हुए जनमत का समर्थन प्राप्त करता रहे, दुर्भाग्य से ऐसा वातावरण देश में दिखाई नहीं देता। ऐसे में विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए अपने अपने दलों में आंतरिक अनुशासन स्थापित करने का सार्थक प्रयास जरूरी है ।

अन्यथा लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत दबाव व प्रभाव के चलते निरंतर परिवर्तित निर्णयों के कारण राजनीतिक दलों पर विश्वास का संकट और भी गहरा सकता है। दरअसल समय रहते इस संदर्भ में नेतृत्व द्वारा संज्ञान लेने की प्रबल आवश्यकता है । आमतौर पर चुनावी दौर में विभिन्न राजनीतिक दलों के आंतरिक अनुशासन की स्थिति आम नागरिकों के सम्मुख आती रही है। दबाव और प्रभाव की राजनीति के दौर में विभिन्न दलों में आंतरिक अनुशासन का अभाव गहन चिंता का विषय है। जातिवाद, वर्गवाद तथा क्षेत्रवाद के चलते अनुशासनहीनता भी तीव्र गति से पनपती जा रही है। राजनीतिज्ञों की निर्लज्जता की हद तक पदलिप्सा तथा वंशवाद की विकृत परंपरा, सभी राजनीतिक दलों में आंतरिक अनुशासन की कमजोर स्थिति को रेखांकित करती है। आम नागरिकों का वह वर्ग जो विवेकपूर्ण आधार पर तर्कसम्मत रूप से मतदान प्रक्रिया में भागीदारी करता है, वह राजनीति के प्रति नकारात्मक अवधारणा बना लेता है।

# सेहत के लिए फायदेमंद ही नहीं नुकसानदायक भी है शहद

शहद का सिर्फ स्वाद ही अच्छा नहीं होता है, बल्कि सेहत के लिए यह काफी फायदेमंद भी माना जाता है शहद का सेवन करने से शरीर को कई तरह के फायदे मिलते हैं। इसमें काबोर्हाइड्रेट प्रोटीन, विटामिन ए, बी, सी, आयरन, मैग्नीशियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम, सोडियम आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं। क्या आप जानते हैं शहद सेहत के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ कुछ लोगों के नुकसानदायक भी हो सकता है। आइए जानते हैं शहद किन लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है।

### दांतों को पहुंचाता है नुकसान-

हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि आप दिनभर में शहद का सेवन कितनी मात्रा में करते हैं, इस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। शहद के अधिक सेवन से दांत और मसूड़ों में सड़न का खतरा बढ़ जाता है।

### ये लोग रहें ज्यादा सावधान-

फ्रुक्टोज शहद में पाई जाने वाली शुगर का मेन स्रोत होता है। इसे ध्यान में रखते हुए फैटी लिवर की बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए यह खतरनाक हो सकता है। ऊर्जा के अन्य स्रोतों की तुलना में फ्रुक्टोज का मेटाबोलाइजेशन



अलग तरीके से होता है। फ्रुक्टोज को लिवर मेटाबोलाइज करता है, जो फैटी लिवर वालों के लिए काफी समस्या पैदा कर सकता है। इसीलिए फैटी लिवर वालों को शराब का सेवन ना करने और सीमित मात्रा में फ्रुक्टोज का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

### एलेर्जी के लक्षण कम नहीं करता शहद-

आपको बता दें कि एलेर्जी की समस्या को ठीक करने के लिए शहद कोई मदद नहीं करता है। जिन लोगों को पराग के कणों से एलेर्जी है उनको शहद का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे एलेर्जी और भी ज्यादा बढ़ने का खतरा रहता है।

### डायबिटीज के मरीजों के लिए-

शहद में फ्रुक्टोज की मात्रा पाई जाती है जो कि शुगर का मेन स्रोत होता है। ऐसे में इसका अधिक सेवन करने से डायबिटीज के मरीजो का ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। शहद खाते समय जरूर बरतें ये सावधानियां

### डायबिटीज-

शहद में चीनी होती है और इसे कम मात्रा में इस्तेमाल करना चाहिए। बड़ी मात्रा में शहद का उपयोग करने से टाइप-2 डायबिटीज के रोगियों में ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है।

### बच्चे-

12 महीने से कम उम्र के शिशुओं को शहद का सेवन नहीं कराना चाहिए। इससे शिशुओं में क्लोस्ट्रीडियम इंफेक्शन का खतरा रहता है। इसे बड़े बच्चों के लिए सुरक्षित माना जाता है।

### पोलन एलर्जीः

पोलन एलर्जी को हे फीवर भी कहा जाता है। शहद पराग से बनता है और इससे एलेर्जी हो सकती है। अगर आपको फूलों के पराग से एलेर्जी है तो शहद का सेवन न करें।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

धर्म-आस्था

# सोहम विद्या से अस्तित्व का रहस्य और जोड़ सकते हैं खुद को ब्रह्म से

सोहम विद्या एक प्राचीन योगिक और आध्यात्मिक साधना है। यह विद्या श्वास पर आधारित है और ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। इस विद्या से आप अपने मन से इस बात को समाप्त कर पाते हैं कि आप परमात्मा से अलग हैं. इस विद्या की मदद से आप वह चेतना जागृत कर पाते हैं, जो आपको एहसास दिलाता है कि आपमें और ब्रह्माण्ड में या फिर ईश्वर में कोई भेद नहीं। तो, चलिए जानते हैं।

सोहम विद्या एक ऐसी विद्या है जो आत्मा को परमात्मा से जोड़ती है। उपनिषदों और योगशास्त्रों में । सोहम। को अजपा जप (बिना बोले होने वाला जप) कहा गया है। यह एक ऐसा मंत्र है, जिसे हर जीव अपने श्वास के साथ अनजाने में जपता रहता है। शिव-संहिता और हठयोग प्रदीपिका में सोहम विद्या को साधना मार्ग बताया गया है। संतों ने इसे सहज साधना कहा है क्योंकि इसमें अलग से कुछ करना नहीं पड़ता, केवल श्वास पर सजगता चाहिए। मान्यता है कि सोहम विद्या को योगी गोरखनाथ ने ढूँढा था और लोगों के सामने लाया था। यह विद्या हमें सिखाती है कि हम परमात्मा से अलग नहीं, बल्कि उसी का अंश हैं। जब हम श्वास लेते हैं और छोड़ते हैं, तो हमारी चेतना स्वयं कहती है - 'सोहम', यानी 'मैं वही हूँ' या 'मैं ब्रह्म हूँ' ।सोहम विद्या का अर्थ और रहस्य

'सोहम' (सो + अहम्) संस्कृत का पवित्र मंत्र है।



'सो' श्वास भीतर लेते समय सुनाई देता है और 'हम श्वास छोड़ते समय का प्राकृतिक स्वर है। जब साधक श्वास पर ध्यान देता है, तो उसे महसूस होता है कि हर श्वास के साथ 'सोहम सोहम' जप अपने आप हो रहा है। इसका अर्थ है कि 'मैं यह शरीर, मन, विचार नहीं हूँ। मैं वही शुद्ध आत्मा हूँ जो परमात्मा से जुड़ी हुई है'। सोहम विद्या केवल साधना ही नहीं, बल्कि आत्म-बोध का राजमार्ग है।

यह हमें यह अनुभव कराती है कि 'मैं ब्रह्म का ही अंश हूँ, मैं वही शाश्वत चेतना हूँ'। जैसे ही आप इस रहस्य को समझ लेते हैं, खुद को ईश्वर से एकाकार कर लेते हैं। फिर आप खुद को परमात्मा से अलग नहीं कर पाते लेकिन इसके लिए आपको आत्मजागरूकता और उच्च चेतना की आवश्यकता होती है, जिसमें सोहम विद्या आपकी मदद करती है।

सोहम विद्या की साधना कैसे करें?

इसे करने के लिए शांत स्थान पर बैठें। पद्मासन या सुखासन में बैठें और मेरुदंड सीधा रखें। श्वास के आने और जाने पर ध्यान दें। श्वास भीतर जाते समय मन ही मन । सोङ्ख। का अनुभव करें। श्वास बाहर आते समय हम। का अनुभव करें। ।सो। के साथ ब्रह्म का अनुभव करें। हम के साथ अपने आत्मस्वरूप को महसूस करें। विचारों को आने-जाने दें, केवल श्वास और ध्वनि पर ध्यान केंद्रित करें। धीरे-धीरे यह अनुभव गहरा होगा कि 'मैं शरीर नहीं, मैं शुद्ध चेतना हूँ'। धीरे-धीरे चेतना को बाहरी वातावरण में लाएं, आँखें खोलें। यह साधना 10-20 मिनट प्रतिदिन करने से आत्मिक शांति, एकाग्रता और आत्मबोध की अनुभूति होती है।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2000-2960 चना काबली- 2800-8560, चना बड़ा- 5341-6029, बटला- 1500-3840 बटला- 1500-3840, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 1800-6161, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,39,600, रवा- 1,39,500 चांदी- टंच- 2,40,700 पाट- 2,40,600।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## मुकेश चौधरी गायरी चौधरी समाज तहसील अध्यक्ष नियुक्त

**महिदपुर।** अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी चौधरी समाज की बैठक शुक्रवार को उज्जैन जिले के रुई में सम्पन्न हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय सलाहकार , जिला अध्यक्ष सहित स्थानीय समाज के लोगों की सर्व सम्मति से मेवाड़ा गायरी चौधरी समाज के महिदपुर तहसील अध्यक्ष के पद पर मुकेश चौधरी ग्राम किटीया को नियुक्त किया गया। चौधरी की नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमसिंह चौधरी, राष्ट्रीय सलाहकार विष्णुप्रसाद चौधरी, जिला अध्यक्ष जितेंद्रसिंह चौधरी, महासचिव दिनेश चौधरी, उज्जैन जिला पंचायत सदस्य सुरेश चौधरी, उज्जैन दक्षिण जनपद पंचायत अध्यक्ष दीपक चौधरी, विवेक चौधरी, लखन चौधरी सहित आदि समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी गई। चौधरी पूर्व में भी महिदपुर तहसील में गायरी चौधरी समाज के कई दायित्व का निर्वहन कर चुके है। समाज हित में उनके द्वारा किए गए अनेक समाज उत्थान के कार्य को देखते हुए एवं कार्य कुशलता ओर साफ सुथरी छबि के चलते समाज ने श्री चौधरी को तहसील अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति एवं गौशाला की नवीन कार्यकारिणी का गठन



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले की ब्यावरा शहर में गत दिन इंदौर नाका स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर गौशाला एवं मंदिर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई उक्त बैठक में सर्व सहमति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। मंदिर एवं गौशाला समिति की नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद हेतु नितिन पालीवाल, उपाध्यक्ष के लिए शिवम चंद्रवंशी एवं देवीसिंह सोंधिया, कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता घाटी वाले, सह कोषाध्यक्ष मुरली करोडिया, सचिव संदीप पालीवाल, सह सचिव देवराज बना और मीडिया प्रभारी हरिशंकर कुंभकार एलआइसी का सर्व सहमति से चयन किया गया इसके अलावा संरक्षक सदस्य के रूप में गोविंददास मोदानी, शिवकुमार जजावरा, गिरिराज करोड़िया, दामोदर दास गुप्ता, रमेश चंद्र जैन एवं हरीश गुप्ता नटराज को सर्व सहमति से चयनित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को गणमान्य नागरिकों, ईस्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जामनेर में 9वीं की छात्राओं को स्वेटर भेंट



**शुजालपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामनेर में कक्षा 9वीं की छात्राओं को मुकेश सेन द्वारा उनके पिताजी की स्मृति में स्वेटर वितरित की गई। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य प्रमोद खपरे, मानसिंह, ममता वर्मा, पूजा शर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## कल जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार

**ब्यावरा।** युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम 12 जनवरी, 2026 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल परिसर राजगढ़ में प्रातः 9 बजे आयोजित किया जाएगा। आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार में प्रातः 9 से कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों का मैदान में एकत्रीकरण एवं सूर्य नमस्कार हेतु अपेक्षित दूरी पर पंक्तिबद्ध होना। प्रातः 9.20 बजे मुख्य अतिथि तथा अन्य जनप्रतिनिधि का आगमन, प्रातः 9.28 बजे माँ सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मुख्य अतिथि का स्वागत, प्रातः 9.30 बजे से प्रातः 10.00 बजे तक आकाशवाणी के मध्यप्रदेश के सभी केन्द्रों से सीधा प्रसारण, राष्ट्रगीत वंदेमातरम, स्वामी विवेकानंद की वाणी, मुख्यमंत्री का संदेश, सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम तथा कार्यक्रम का समापन प्रात 10.30 बजे किया जाएगा।

## जिला किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**देवास।** किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने किसान कांग्रेस को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किये प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी की अनुशंसा एवं किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह चौहान की सहमति से किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष हेतु देवास ग्रामीण से ब्रजराज सिंह राजावत पिता राजेंद्र सिंह राजावत एवं हाटपिपलिया विधानसभा के शिप्रा ब्लॉक से बलराम सिंह पिता चंद्रपाल सिंह यादव ग्राम कानकुंड व बरोठा ब्लॉक से संजय पटेल पिता माखनलाल पटेल ग्राम सन्नोड को नियुक्त किया ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस जनों वरिष्ठ एवं युवा नेतागण किसानों ने हर्ष व्यक्त किया।

## बुढ़ापे का एकमात्र सहारा पेंशन, इसके लिए सारे संगठन एक जुटता से लड़े लड़ाई

**खाचरोद।** मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरूप नारायण चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि 1998 में नियुक्त शिक्षा कर्मी जो 2018 में अध्यापक बना दिए गए ये पुरानी पेंशन के पात्र हैं क्योंकि 2005 के बाद पेंशन देने पर रोक लगाई गई । इस संवर्ग की नियुक्ति गणना 2018 के स्थान पर 1998 मान कर ही पुरानी पेंशन बहाल करनी चाहिए। साथ ही ग्रेच्युटी एवं अन्य समस्त लाभ नियमित शिक्षकों के सामान लाभ कि पात्रता स्वत ही आ जाएगी वही प्रदेश के सभी शिक्षक संवर्ग के संगठनों एवं पदाधिकारीयो से अनुरोध किया है कि पेंशन के लिए सारे संगठन एकजुटता से लड़ाई लडें।

# युवा संगम: रोजगार मेले की तैयारियों का एसडीएम और जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



सारंगपुर में युवा दिवस यानि 12 जनवरी को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन होना है। मेले की तैयारियां प्रशासन के द्वारा जोर-शोर से की जा रही है। मंडी परिसर में चल रहे कार्य का निरीक्षण एसडीएम रोहित बम्हौरे ने नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, जपं सीईओ हेमेंद्र गोविल के साथ मौके पर पहुंचकर किया।

इस दौरान नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने बताया कि कौशल विकास एवं रोजगार विभाग स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री महोदय के मार्गदर्शन में लग रहे विशाल रोजगार मेले में महिलाओं को रोजगार से जोडने के उद्देश्य से 25 प्रतिष्ठित कंपनियां के माध्यम से 2695 रिक्त पदों पर महिलाओं का चयन करेंगी। यह रोजगार मेला महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इनमें फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी, जेबी इंडस्ट्रीज इंदौर, वीई कमर्शियल भोपाल, युवाशक्ति फाउंडेशन, टीएसपीएल समूह, वर्धमान फैब्रिक्स बुडनी, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, प्रतिभा स्वराज प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, शिव शक्ति बायोटेक, डिक्सन टेक्नोलॉजिक्स लिमिटेड, जेपी वीएमजी मार्केट प्राइवेट लिमिटेड, पेटीएम सहित अन्य कंपनियां शामिल रहेगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल ने कहा कि रोजगार मेले में भाग लेने वाली कंपनियों द्वारा विभिन्ना तकनीकी, उत्पादन, विपणन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल एवं सेवा क्षेत्र से जुडे पदों के लिए महिलाओं का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में साक्षात्कार एवं योग्यता के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। टेटवाल ने पात्र महिलाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। यह रोजगार मेला महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है।

जानकारी देते हुए एसडीएम रोहित बम्हौरे एवं जपं सीईओ हेमेंद्र गोविल ने बताया कि 12 जनवरी को सारंगपुर में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में दिव्यांगजनों को रोजगार से जोडने के उद्देश्य से कई प्रतिष्ठित निजी कंपनियां सहभागिता कर रही हैं। यह रोजगार मेला दिव्यांग अभ्यर्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोडने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रोजगार मेले में रिलायंस रिटेल, टेक्नोटास्क, टीम लीज, एसएमसी इंटीग्रेटेड, विशाल मेगा मार्ट, कैलीब एचआर एवं पेटीएम जैसी विभिन्न कंपनियां शामिल होंगी। इन कंपनियों द्वारा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए सेवा, मार्केटिंग, डाटा एंट्री एवं अन्य सहायक कार्यों से संबंधित पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा योग्यता वाले दिव्यांग अभ्यर्थी पात्र होंगे। रोजगार मेला दिव्यांगजनों को समान अवसर प्रदान करने और उनकी कार्यक्षमता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने पर केंद्रित है। एसडीएम बम्हौरे द्वारा अधिक से अधिक दिव्यांग अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे रोजगार मेले में सहभागिता कर इस अवसर का लाभ उठाएं और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढाएं।

### देवास में आवारा कुत्तों का आतंक, निगम टीम पहुंची

## डॉग प्रेमियों ने कार्रवाई का विरोध किया, पार्षद ने घर में रखने को कहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण डॉग बाइट के मामले भी बढ़ रहे हैं। हाल ही में बालाजी नगर क्षेत्र में एक बच्चे पर कुत्ते के हमले के बाद शुक्रवार को नगर निगम की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची। हालांकि, टीम को मौके पर डॉग प्रेमियों के विरोध का सामना करना पड़ा, जिससे विवाद की स्थिति बन गई।

यह घटना गुरुवार शाम बालाजी नगर में हुई, जब एक मासूम बच्चे पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। पीड़ित परिवार ने इस घटना की शिकायत तत्काल नगर निगम से की थी।

शिकायत के बाद आज नगर निगम की कुत्ता पकड़ने वाली टीम बालाजी नगर पहुंची। टीम जब कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही थी, तभी मौके पर मौजूद कुछ डॉग प्रेमियों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही वार्ड पार्षद श्याम पटेल और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासी भी मौके पर पहुंच गए।

**निगम में पंजीकरण अनिवार्य-पार्षद**

पार्षद श्याम पटेल ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे बच्चों और राहगीरों पर हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पालतू कुत्तों का नगर निगम में पंजीकरण और टीकाकरण अनिवार्य होना चाहिए, साथ ही उन्हें घरों के भीतर ही रखा जाए। ऐसा न करने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, नगर निगम की कुत्ता पकड़ने वाली टीम के सदस्य विकास वेद ने बताया कि अक्सर डॉग प्रेमी कार्रवाई में बाधा डालते हैं, लेकिन वे खुद इन कुत्तों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं होते। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में कई ऐसे कुत्ते हैं जिनका न तो पंजीकरण हुआ है और न ही टीकाकरण, जो आमजन के लिए खतरा बने हुए हैं। मौके पर मौजूद रहवासियों ने भी आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने और नगर निगम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। स्थिति को देखते हुए निगम टीम ने लोगों को नियमों की जानकारी दी और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## एआई वीडियो के जरिए सुसनेर पहुंची डिजिटल ट्रेन

**युवा की एआई पहल ने छेड़ी रेल मांग**

**सुसनेर।** वर्षों से रेल सुविधा से वंचित सुसनेर की बहुप्रतीक्षित मांग को अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक ने नई आवाज दी है। नगर के युवा हर्षित भावसार ने अककी सहायता से सुसनेर में ट्रेन चलने का यथार्थपरक डिजिटल वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसने देखते ही देखते लोगों का ध्यान आकर्षित कर लिया। यह वीडियो केवल तकनीकी नवाचार नहीं, बल्कि सुसनेर की वर्षों पुरानी रेल मांग को सरकार तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनकर सामने आया है। सुसनेर क्षेत्र लंबे समय से रेल नेटवर्क से जुड़ने की मांग करता आ रहा है। इस मांग को लेकर नगरवासियों द्वारा समय-समय पर आंदोलन, ज्ञापन और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। ऐसे में युवा द्वारा तैयार किया गया यह डिजिटल ट्रेन वीडियो जनभावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति बन गया है। वीडियो में सुसनेर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म और ट्रेन के दृश्य दिखाकर यह दर्शाया गया है कि यदि नगर को रेल सुविधा प्राप्त होती है तो क्षेत्र के व्यापार, कृषि, शिक्षा, रोजगार और आवागमन को नई दिशा मिल सकती है। यह डिजिटल प्रस्तुति आमजन को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए विकास की संभावनाओं को भी स्पष्ट करती है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बड़ी संख्या में लोग इसे साझा कर सुसनेर की रेल मांग को समर्थन दे रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि युवाओं की यह रचनात्मक और तकनीक-आधारित पहल सरकार का ध्यान आकर्षित करने में निर्णायक साबित हो सकती है।

### कन्या विदाई और मायके के संस्कारों पर सुनाया आधारित प्रसंग

## बेटी के प्रति पिता का प्रेम और संस्कार नि:स्वार्थ- पं. कश्यप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर के मेला ग्राउंड स्थित श्री ओंकारेश्वर महादेव एवं श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित भव्य शिव महापुराण कथा के चौथे दिन शुक्रवार को कथा पंडाल भावनाओं से सराबोर हो गया। कथावाचक पं. मनमोहन कश्यप अग्निहोत्री ने पिता और पुत्री के अटूट, निःस्वार्थ तथा जीवनपर्यंत निभने वाले संबंधों का ऐसा करुण और मार्मिक चित्रण किया कि श्रोताओं की आंखें स्वतः ही नम हो गईं और वातावरण करुणा से भर उठा।

कथावाचक ने कहा कि बेटी का जन्म पिता के जीवन में ईश्वर की सबसे सुंदर देन है। जिस दिन बेटी जन्म लेती है। उसी दिन से पिता के मन में उसके भविष्य की चिंता बस जाती है उसका पालन-पोषण, शिक्षा, संस्कार और सुरक्षित जीवन। पिता स्वयं कठिनाइयां सह लेता है, पर बेटी को कभी किसी अभाव का अहसास नहीं होने देता। घर में आने वाली हर नई वस्तु, त्योहारों की खुशियां और नई पोशाकें सबसे पहले बेटी के लिए होती हैं चाहे पिता स्वयं पुराने वस्त्रों में ही क्यों न रह जाए। उन्होंने कन्या विवाह और विदाई के प्रसंग को अत्यंत भावुक शब्दों में प्रस्तुत करते हुए कहा कि विवाह के समय पिता अपनी सामर्थ्य से बढ़कर जिम्मेदारियां निभाता है। परंतु विदाई का क्षण ऐसा होता है, जब पिता भीतर से टूट जाता है। बेटी जब पिता के गले लगकर कहती है कि अब वह अपने नए जीवन की ओर जा रही है, तब पिता अपनी पीड़ा को छिपाकर उसे आशीर्वाद देता है और मजबूती का आवरण ओढ़ लेता है। बेटी के लिए पिता की गोद ही सबसे बड़ा सहारा और सच्चा सुख होती है, जबकि मायके के संस्कार उसके जीवनभर साथ चलते हैं। कन्या विदाई, मायके की परंपराओं और लोकगीतों से जुड़े इस मार्मिक प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कई श्रोताओं की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। कथा के दौरान पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, राणा विक्रम सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भावुक वातावरण में कथावाचक का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शिव महापुराण कथा का यह दिन श्रद्धा, संवेदना और मानवीय भावनाओं की अमिट स्मृति बन गया।

**Public notice of change of name/surname**

This is to inform the general public that 1, the applicant, am Anil Shrivastava son of Shri Shankarswaroop Shrivastava, resident of 32/3, Keshavnagar, Ujjain (M.P.), My name is listed as Anil Kumar Shrivastava on my high school mark-sheet, but my real name is Anil Shrivastava. My name is listed as Anil Shrivastava in my government records and Aadhar card and the name Anil Shrivastava should also be listed in the office. I am known and recognized as Anil Shrivastava and will continue to be known as Anil Shrivastava in the future.

So, the general public should be informed.

**Date9/01/2026**

**Yours faithfully**
**Anil Shrivastava**

**जाहिर सूचना**

सभी सम्मानीय संस्था सदस्यगण व भूखण्डधारी को सूचित किया जाता है कि संस्था आदर्श विक्रम गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन जिसका पंजीयन क्रमांक DR/UJN/47/68 द्वारा विकसीत कालोनी आदर्श विक्रम नगर कालोनी जो दमदमा क्षेत्र से लगी हुई है। संस्था द्वारा उक्त कालोनी का विकास कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा भूखण्डों के विक्रय पत्र का निष्पादित कर पंजीकृत कराया जा चुका है। संस्था के भूखण्डों का नामांतरण भी नगर पालिक निगम में हो चुका है। संस्था को ज्ञात हुआ है कि संस्था के कुछ भूखण्डों पर कुछ सदस्यों द्वारा असंवैधानिक रूप से भूखण्ड से लगी हुई अतिरिक्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। इस सूचना के माध्यम से सभी अवैध अतिक्रमण धारियों को सूचित किया जाता है कि वह सभी अपना अतिक्रमण हटा लेवें। अन्यथा संस्था द्वारा विधि पूर्वक कार्यवाही की जावेगी। संस्था द्वारा अपनी भूमि के सीमांकन हेतु भी तहसील कार्यालय उज्जैन में आवेदन दिया जा रहा है। इसके पश्चात अगर किसी सदस्य को कोई भी आपत्ति हो तो वह इस सूचना पत्र से 7 दिवस की अवधि में संस्था कार्यालय 2, भगवती गली, फव्वारा चौक, उज्जैन पर सुबह 12 से 4 बजे के मध्य संपर्क करें। अन्यथा अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी तत्पश्चात जो भी नुकसान होगा उसकी जवाबदारी अतिक्रमण धारक की होगी जिसमें संस्था की कोई जवाबदारी नही होगी।

**आदर्श विक्रम गृह निर्माण सहकारी**
**संस्था मर्यादित उज्जैन द्वारा अध्यक्ष- योगेश शर्मा कार्यालय**
**2, भगवती गली, फव्वारा चौक, उज्जैन**
**मो.न. 94250-92772**



## ग्राम पंचायत ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित पेय जल टंकी की सफाई कराई

**इंगोरिया।** नल जल योजना के तहत संचालित पेय जल टंकी को खाली कर सफाई कराई गई। ग्रामवासियों को शुद्ध और स्वच्छ पानी सप्लाय हो। ग्राम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 5 वर्ष पूर्व से नल जल योजना के तहत पेय जल टंकी बनी हुई है। नल जल प्रभारी भगवान परमार ने बताया कि दो दिन गांव की नल जल व्यवस्था बंद कर टंकी और सम्पवेल की सफाई कर दी गई है। टंकी की नियमित सफाई होती रहती है।

## मोबाइल को ऑनलाइन लोकेशन पर ढूंढ कर आवेदक को लौटाया




**इंगोरिया।** इंगोरिया पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल को ऑनलाइन लोकेशन पर ढूंढ कर आवेदक को लौटाया। खरसोद खुर्द के भेरूलाल पाटीदार की बेटी का 31 दिसंबर को ओप्पो ए 59 मोबाइल गुम हो गया था। उन्होंने मोबाइल गुम होने की शिकायत का आवेदन इंगोरिया पुलिस में दिया था। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से लोकेशन ट्रैश कर 8 जनवरी को मोबाइल खोज लिया। महिला पुलिस आरक्षक रानी गोस्वामी ने आवेदक को बुलाकर उक्त ओप्पो कंपनी का मोबाइल कीमत 15 हजार रुपए का वापस सौंप दिया।

## एक्सिस बैंक एटीएम में लगी आग:शॉर्ट सर्किट से आशंका, दमकल ने आग पर पाया काबू




**देवास।** देवास के केला देवी चौराहे पर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में आग लग गई। जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सबसे पहले एटीएम से धुआं उठता देखा गया। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया। दमकल की टीम ने समय पर पहुंचकर आग के फैलने को रोक दिया। आग लगने की सूचना पर पुलिस और बैंक की टीम भी मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है। समय पर कार्रवाई के कारण किसी बड़े नुकसान या हादसे से बचा जा सका।

**पक्षकारों को नामातंरण प्रकरण की तारीख पेशी और स्थान की सुचना**

**न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील खाचरौद जिला उज्जैन म.प्र.**

**प्रकरण क्रमांक 557/अ-06/2025-26 क्रमांक 187 08/01/2026**

**विज्ञप्ति**

**रामलाल पिता स्व. कन्हैयालालजी बामता जाति धाकड़ उम्र-33 वर्ष, व्यवसाय कृषि निवासी दशहरा मैदान, खाचरौद जिला उज्जैन म.प्र.**

**------आवेदक**

**विरूद्ध**

01. राधेश्याम पिता स्व. बद्रीलालजी बामता जाति धाकड़
02. दशरथ पिता स्व. बद्रीलालजी बामता जाति धाकड़
03. लीलाबाई पति स्व. बद्रीलालजी बामता जाति धाकड़ समस्त निवासीगण दशहरा मैदान, खाचरौद जिला उज्जैन म.प्र.
04. दीपेश पिता स्व. नारायण बामता जाति धाकड़ अवयस्क सरपरस्त माता कुन्ताबाई पति स्व. नारायण बामता जाति धाकड़
05. नरेन्द्र पिता स्व. नारायण बामता जाति धाकड़ अवयस्क सरपरस्त माता कुन्ताबाई पति स्व. नारायण बामता जाति धाकड़
06. खुशी पिता स्व. नारायण बामता जाति धाकड़ अवयस्क सरपरस्त माता कुन्ताबाई पति स्व. नारायण बामता जाति धाकड़
07. श्रीमती कुन्ताबाई पति स्व. नारायणजी बामता जाति धाकड़ समस्त निवासीगण नागदा रोड़, हीरो होण्डा शोरूम के पास की गली, खाचरौद जिला उज्जैन म.प्र.
08. संतोष पिता स्व. कन्हैयलालजी बामता जाति धाकड़ निवासी पटेल कॉलोनी खाचरोद जिला उज्जैन म.प्र.
09. लक्ष्मीनारायण पिता स्व. कन्हैयालालजी जाति धाकड़ 10. लीलाबाई पति स्व. कन्हैयालालजी बामता जाति धाकड़ निवासीगण निवासी दशहरा मैदान, खाचरौद जिला उज्जैन म.प्र.
11. श्रीमती रामीबाई पुत्री मयारामजी बामता (पति रामचन्द्रजी वाक्तरिया) जाति धाकड़ निवासी रामातलाई, खाचरौद जिला उज्जैन म.प्र.

**...अनावेदकगण**

को सुचना दी जाती है कि, आवेदक रामलाल ने अपर तहसीलदार खाचरौद के न्यायालय में ग्राम पचलासी तहसील खाचरौद में स्थित सर्वे नंबर 386 रकबा 0.12 हे., सर्वे नंबर 387 रकबा 0.70 हे., सर्वे नंबर 402 रकबा 2.11 हे., सर्वे नंबर 405 रकबा 0.36 हे., सर्वे नंबर 406 रकबा 0.37 हे., सर्वे नंबर 407 रकबा 0.50 हे., सर्वे नंबर 408 रकबा 0.35 हे., सर्वे नंबर 409 रकबा 1.10 हे., सर्वे नंब 411 रकबा 0.34 हे., कुल किता 09 कुल रकबा 5.95 हे. मृतक कैलाश पिता मर। रामजी बामता जाति धाकड़ के 1/5 हिस्सा भूमि पर पंजीकृत वसीयत दिनांक 31-10-2018 के आधार पर कैलाश के स्थान पर स्वयं का नामातंरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदनपत्र प्रस्तुत किया गया है। इस नामातंरण प्रकरण की सुनवाई में तारिख दिनांक... 19/01/2026. अतिरिक्त तहसीलदार खाचरौद पर होर्गा। इसलिए यदि निश्चित तारिख पर को आप स्वंय व न्यायालय की अनुमति से आएका मुख्त्यार व वकील उपस्थित न हुए तो बंटवारा प्रकरण में एकपक्षीय आदेश केया जाएगा। मेरे जारी किया गया।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा न्यायालय की मुहर के अधीन आज दिनांक 08/01/26 को जारी किया गया।

**(गुलाबसिंह परिहार**
**अपर तहसीलदार तहसील खाचरौद**
**जिला उज्जैन**

न्यूज-कॉलम

## आध्यात्म योगी के मंगल प्रवचन 12 व 13 को

**मन्दसौर।** नयापुरा स्थित श्री आदिनाथ जैन मंदिर दादावाड़ी में 12 व 13 जनवरी को प्रातः 9.15 बजे से श्री आदिनाथ जैन मंदिर दादावाड़ी, नयापुरा, मन्दसौर पर भव्य मंगल प्रवचनों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी श्री महेन्द सागरजी म.सा. एवं श्री मनीषसागरजी म.सा. आदि ठाणा-16 का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। श्री आदिनाथ जैन मंदिर दादावाड़ी ट्रस्ट अध्यक्ष अभय चौरड़िया एवं खरतरगच्छ श्री संघ, मन्दसौर अध्यक्ष यशवंत पोखरना ने इन मंगल प्रवचनों में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## पीएम श्री हाई स्कूल की 1.92 हे. भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई

**मन्दसौर।** जिला प्रशासन द्वारा तहसील शामगढ़ स्थित पीएम श्री हाई स्कूल बघूनिया को आबंटित कुल 1.92 हेक्टेयर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर शिक्षा विभाग को मौके पर विधिवत कब्जा सौंपा गया। गरोठ एसडीएम राहुल चौहान ने बताया कि उक्त अतिक्रमित भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 लाख रुपये आंका गया है। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त सहयोग से की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से शासकीय भूमि को संरक्षित कर शैक्षणिक उपयोग हेतु सुरक्षित किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

## 60.480 बल्क ली. शराब जप्त, दो युवक गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र के नांदवेल बेहपुर रोड़ पुलिया के पास बेहपुर पर पुलिस ने दो युवकों को अवैध रूप से देशी शराब को परिवहन करते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 60.480 बल्क लीटर देशी मशाला शराब जप्त की। प्राप्त जानकारी के अनुसार भावगढ़ थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात करीब 10 से 10.30 बजे के बीच यह कार्यवाही कर आरोपी लोकेन्द्र (22) पिता बसंतसिंह, अनुराग (21) पिता पप्पूनाथ निवासी गोढड़ा थाना रिंगनोद जिला रतलाम को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

## प्रतिबंधित मांजे के पांच गट्टे जब्त, युवक पकड़ाया

**मंदसौर।** स्थानीय धानमण्डी महाजन मोहल्ला में एक युवक के कब्जे से प्रतिबंधित चायनीज मांझा के पांच गट्टे कीमत 4 हजार रुपये के जप्त किये। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम मंदसौर कोतवाली पुलिस ने यह कार्यवाही की। आरोपी राकेश (38) पिता सज्जनलाल जैन निवासी महाजन मोहल्ला को पुलिस ने श्रीमान जिला दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन कर चायनीज मांझा (डोर) के गट्टे बेचते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच गट्टे जब्त कर उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 223 ए में प्रकरण दर्ज किया।

## श्री अजित गांग का निधन

**नीमच।** पारस मेडिकल एजेंसी, नीमच के संस्थापक एवं जिला केमिस्ट एसोसिएशन,नीमच के पूर्व अध्यक्ष तथा अंशित गांग के पिताजी एवं जियांश, वेदशी के दादाजी, श्री अजीत कुमार गांग (मामा) का निधन शनिवार 10 जनवरी को हो गया है उनकी अंतिम यात्रा विकास नगर नीमच से निकली जिसमे बड़ी संख्या मे समाजजन, दवा व्यवसायी तथा शहर के गणमान्य लोगों ने सम्मिलित होकर शोक सभा में श्रद्धासुमन अर्पित किए। लंबे समय तक केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे, स्व अजीत गांग पिछले कुछ समय से अस्वस्थ होने से, उपचाररत होकर सर्जरी करवा कर लौटे थे। शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया।



## 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

**रतलाम।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन सभी विद्यालयों, महाविद्यालय, शैक्षणिक संस्थानों आदि स्थानों पर होगा। जिला स्तरीय आयोजन रतलाम के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों का एकत्रीकरण एवं सूर्य नमस्कार हेतु पंक्तिबद्ध होंगे।

# वीबी-जी रामजी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में क्रांति लाएगी -प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल

- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने पत्रकार-वार्ता को किया संबोधित
- वीबी-जी रामजी योजना गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य करेगी
- गांवों में विकसित किए जाएंगे आजीविका के स्थायी स्रोत, कृषि श्रमिक भी हो सकेंगे उपलब्ध
- गांवों के विकास के हिसाब से योजना बनाकर होगा कार्य, गांव में मिलेगा रोजगार
- महात्मा गांधी जी के विचारों को प्रधानमंत्री मोदी जी साकार कर रहे हैं



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को रतलाम के अतिथि गार्डन में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य करेगी।

इस योजना के जरिए राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों और गांवों में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों की आजीविका के स्थायी स्रोत विकसित किए जाएंगे। इस योजना में ऐसा प्रावधान भी किया गया है कि फसलों की बुवाई-कटाई के समय खेती के लिए मजदूर मिल सकें। इसका फायदा मजदूरों को होगा। उन्हें 125 दिन रोजगार की गारंटी तो वीबी-जी रामजी योजना के तहत है ही, 60 दिन खेतों में मजदूरी के लिए भी मिल जाएंगे। ऐसे में देखा जाए तो मजदूरों को 185 दिन का रोजगार गांवों में ही मिल सकेगा। नई योजना में गांवों के विकास के हिसाब से योजना बनाकर भी कार्य किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जीरो टॉलरेंस पर कार्य हो रहा है। इस योजना में तनिक भी भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी महात्मा गांधी जी के विचारों को साकार करने का कार्य कर रहे हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में क्रांति लाएगी वीबी-जी रामजी योजना**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में क्रांति लाएगी। योजना में रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में मजदूरी भत्ते का भी प्रावधान किया गया है। नई योजना में ग्राम पंचायतों को परिवार का पंजीयन और रोजगार गारंटी का अधिकार दिया गया है। नई योजना में राज्यों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, जिसका सीधा फायदा ग्रामीण क्षेत्रों को होगा।

ग्राम पंचायतों, गांवों में विकास के साथ निर्माण कार्य भी कराए जा सकेंगे। कई ऐसे कार्यों को नई योजना में शामिल किया गया है, जो पहले की योजना में नहीं थे। पहले यह योजना नरेगा थी, बाद में बदलाव कर महात्मा गांधी नरेगा योजना किया गया। अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीरो टॉलरेंस पर कार्य करते हुए मजदूरों के उपस्थिति को डिजिटलीकरण के साथ मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। नए प्रावधानों से गांवों में अधोसंरचना का विकास होगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी जितना सम्मान महात्मा गांधी जी का करती है, उतना सम्मान किसी भी राजनीतिक दल ने कभी नहीं किया। महात्मा गांधी जी कहते थे कि भारत गांवों में बसता है। भारत का असली विकास तभी संभव है, जब गांवों का विकास हो। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज, स्वदेशी की परिकल्पना को साकार करने के लिए ही वीबी-जी रामजी योजना लेकर आए हैं। मजदूरों को गांव में रोजगार मिलने से आय गांव में ही रहेगी, जिससे स्थानीय बाजार और अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। भाजपा सरकार की नीतियों के अनुरूप, योजना में पारदर्शिता, समयबद्ध क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक सीधा लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

पत्रकार-वार्ता में प्रदेश शासन के मंत्री श्री चेतन्य काश्यप, संभाग प्रभारी श्री सुरेश आर्य, जिला प्रभारी श्री प्रदीप पांडेय, जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, विधायक डा. राजेंद्र पांडेय, महापौर श्री प्रहलाद पटेल, जी राम जी टोली के संयोजक श्री महेश सोनी, जिला महामंत्री श्री जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी एवं सह प्रभारी निलेश बाफना मंचासीन रहे।

## 22 साल पहले लापता हुआ बेटा लौटा घर, एसआईआर ने मिलाया बिछड़ा परिवार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

ममता का इंतजार और पुलिस की सक्रियता ने 22 साल पुराने बिछोह को मिलन में बदल दिया। मंदसौर पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को खोज निकाला है जो दो दशक पहले घर से लापता हो गया था। मिलन की कड़ी बना निर्वाचन आयोग का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई आर) अभियान।

प्राप्त जानकारी अनुसार करीब 22 वर्ष पूर्व, खिलचीपुरा (मंदसौर) निवासी विनोद पिता बालूराम गायरी लापता हो गया था। परिजनों ने उसे ढूंढने की बहुत कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। वक्त बीतता गया, लेकिन मां की उम्मीदें नहीं टूटीं। हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है।

इसी प्रक्रिया के दौरान विनोद (जो अब 45 वर्ष का है) ने अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए ग्राम पंचायत से अपने माता-पिता का ईपीक नंबर मांगा। जब यह जानकारी विनोद की मां तक पहुँची, तो उनकी खुशी और हैरानी का ठिकाना नहीं रहा।



मां ने थाना नई आबादी (मंदसौर) में एक आवेदन दिया। मामले की संवेदन शीलता को देखते हुए एसपी श्री विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन और सीएसपी जितेन्द्रसिंह भास्कर के निर्देशन में एक टीम गठित की गई। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम ने तहसील निर्वाचन कार्यालय और ग्राम पंचायत से संपर्क साधा। तकनीकी साक्ष्यों और प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने विनोद के वर्तमान पते का पता लगाया।

पुलिस ने न केवल विनोद को खोजा, बल्कि उसकी पत्नी और दो बच्चों के बारे में भी जानकारी जुटाई। पुलिस की मदद से 22 साल बाद बेटा अपनी मां के सामने खड़ा था। इस भावुक पल को देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं।

## गंगानगर परिवार ने बच्चों के भविष्य के द्वार खोले -श्री गुप्ता

**नीमच।** मुझे सपने में भी आभास नहीं था की नीमच में शतरंज की इंटरनेशनल प्रतियोगिता हो रही है मुझे तो लग रहा था कि यह प्रतियोगिता जिला लेवल पर आयोजित हो रही होगी और स्थानीय खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे होंगे लेकिन यहां आकर में आश्चर्यचकित हूं देश के विभिन्न कोने-कोने से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी नीमच में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और लोगों को चौका रहे हैं जहां 5 वर्ष के साहब गोत्रा लोगों को चौका रहे थे, वही 85 वर्ष के वयो वृद्ध झांसी के आर के गुप्ता अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। वास्तव में गंगानगर परिवार बधाई का पात्र है। जिन्होंने नीमच की लाल माटी पर इतना बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट सैकड़ो बच्चों का भविष्य स्वर्णिम बना दिया है और उनके उन्नति के द्वार खोल दिए हैं यह सचमुच अद्भुत है और मुझे यहां आकर गर्व की अनुभूति हो रही है, कुछ दिनों पूर्व सांसद खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई थी उसमें शतरंज खेल नहीं था लेकिन अरुल अशोक अरोरा गंगानगर ने इतना भव्य आयोजन कर उस कमी को भी दूर कर दिया हर तरफ यही चर्चा है। मैं संपूर्ण देश से आए खिलाड़ियों को बधाई देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उपरोक्त विचार सांसद सुधीर गुप्ता ने लायन डेन में आयोजित शतरंज टूर्नामेंट में बतौर अतिथि व्यक्त किया श्री गुप्ता जब टूर्नामेंट स्थल पर पहुंचे तो वहां लोगों का हुजूम देखकर चकित रह गए वे खिलाड़ियों के बीच पहुंचे उनसे परिचय प्राप्त किया और शतरंज खेल की बारीकियां को समझते हुए बहुत देर तक शतरंज का मैच भी देखा, इस अवसर पर उनके साथ भोपाल से आए चीफ आर्बिटल यशपाल अरोरा उपस्थित थे।

## सार्वदेशी आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान का किया स्वागत

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय दयानंद एजुकेशन सेंटर पर शनिवार को सार्वदेशी आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामीआर्य वेश, सहित (गुरुकुल आश्रम आमसेना,) उड़ीसा से स्वामी व्रतानंद सरस्वती, स्वामी आदित्य वेश, स्वामीआर्य वेश, हरिद्वार से डॉक्टर रविंद्र कुमार, मंत्री आर्यप्रतिनिधि सभा के जीववर्धन शास्त्री,पंडित नरेश दत्त आर्य, पं. भीष्म दत्त आर्य यू पी, यूपी से सहित कई विद्वानों का आगमन होने पर संस्था संचालक दयानंद पाटीदार एवं वीरेंद्रसिह शक्तावत किशोर पटीदार , गंगाराम माली, अनिल माली, निलेश पाटीदार,प्रोफेसर अरुण नरगावे, सपना माली, दुर्गा पाटीदार, सोनाली बैरगी, टीना सैनी, बुशरा कुरैशी, सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसी तरह पाटीदार रिन्यूएबल एनर्जी के तत्वाधान में भी उपरोक्त संतों का उनके प्रतिष्ठान पर स्वागत किया गया।

## मन्दसौर में खेलों एम.पी. यूथ गेम्स का आगाज, 12 जनवरी से शुरू होंगे मुकाबले

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशानुसार 28 खेलों का आयोजन राज्यस्तर पर होगा, इन खेलों की टीम का चयन विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर पर होगा, जिलास्तर से चयनित कुछ खेल संभागस्तर और कुछ खेल सीधे राज्य स्तर पर आयोजित होंगे। जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर एथलेटिक्स, खो-खो, वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकसी, फुटबॉल, क्रिकेट, योग, पिट्ठू, शतरंज खेल आयोजित होंगे। यह खेल भानपुरा विकासखण्ड में 12 जनवरी को कमला सकलेचा स्कूल भानपुरा, गरोठ विकासखण्ड में 13 जनवरी को खेल विभाग के इंडोर स्टेडियम गरोठ, मल्हारगढ़ विकास खण्ड में 15 जनवरी को इंडोर स्टेडियम, नारायणगढ़ एवं शा. बालक उ. मा. विद्यालय पिपलियामंडी, सीतामऊ विकासखण्ड में 15 जनवरी को श्री राम उत्कृष्ट विधालय, सीतामऊ व मन्दसौर विकासखण्ड में 16 जनवरी को उत्कृष्ट विधालय, मन्दसौर में आयोजित होंगे।

17 एवं 18 जनवरी को जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता उत्कृष्ट विद्यालय और नूतन स्टेडियम, मन्दसौर पर विकासखण्ड पर आयोजित खेलों से चयनित टीमें और बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, मलखम्भ, कुश्ती, जुडो, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, बॉक्सिंग, स्विमिंग, हॉकी, थ्रो बॉल, ताईक्वाँडो सीधे जिलास्तर पर आयोजित होंगे, जिलास्तर से चयनित खेलों की टीम संभाग और राज्यस्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

सभी खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता हेतु अपना खेलों एम पी यूथ गेम्स की वेबसाईट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

## 11 जनवरी को भव्य हिन्दू संगम, शोभायात्रा, धर्मसभा व प्रसादी का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

समस्त हिन्दू समाज विवेकानंद बस्ती, इंदिरा नगर क्षेत्र के तत्वावधान में दिनांक 11 जनवरी रविवार को भव्य हिन्दू संगम, शोभायात्रा, धर्मसभा एवं समरसता प्रसादी सहभोज का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समरस भारत समर्थ भारत के उद्देश्य को लेकर देशभर में आयोजित हो रहे हिन्दू सम्मेलनों की श्रृंखला में स्वामी विवेकानंद बस्ती में यह गरिमामयी आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में नई चेतना, ऊर्जा एवं सामाजिक समरसता का संचार करना है।

आयोजन की भव्यता सुनिश्चित करने हेतु स्वामी विवेकानंद बस्ती इंदिरा नगर क्षेत्र में निवासरत समस्त हिन्दू परिवारों को पीले चावल एवं निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया।

लगभग 2300 हिन्दू परिवारों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक परिवार से एक रुपया अथवा एक मुट्ठी अनाज के सहयोग का आव्हान किया गया, जिसमें सभी परिवारों ने स्वेच्छा से अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया।

**ध्वजा यात्रा एवं संकीर्तन से जागृत हुआ उत्साह**

हिन्दू संगम को दिव्यता प्रदान करने हेतु बस्ती के प्रत्येक मंदिर पर क्रमशः ध्वजा यात्रा एवं संकीर्तन का आयोजन किया गया। भगवा धर्म ध्वजा के पूजन के साथ संकीर्तन भ्रमण हुआ, जिसमें जयघोषों से संपूर्ण क्षेत्र में उत्साह, एकता एवं समरसता का वातावरण निर्मित हुआ। भव्य शोभायात्रा में इंदिरा नगर स्थित विस्तारेश्वर महादेव मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, बाल हनुमान मंदिर, शनि मंदिर, नागेश्वर मंदिर, कालका माता मंदिर, कपीश्वर मंदिर, त्र्यंबकेश्वर मंदिर, गणेश मंदिर, रणजीत हनुमान मंदिर, प्रज्ञेश्वर मंदिर, जैन मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, शीतला माता मंदिर एवं महाकाल भैरू बाबा मंदिर से धर्म ध्वजाएं ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन एवं जयकारों के साथ कार्यक्रम स्थल बैरिस्टर उमाशंकर त्रिवेदी मांगलिक भवन पहुंचेंगी। यहां समस्त समाजजनों द्वारा ध्वजाओं का पूजन किया जाएगा, तत्पश्चात प्रातः 9 बजे शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो मांगलिक भवन से दीनदयाल वाटिका, एसएल क्वार्टर्स, संकट मोचन हनुमान मंदिर होते हुए भगवानपुरा चौराहा से पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी।

शोभायात्रा में भारत माता का दिव्य रथ रहेगा, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे भारत माता की झांकी एवं राष्ट्र नायकों की वेशभूषा धारण कर शोभायात्रा को विशेष भव्यता प्रदान करेंगे।

शोभायात्रा के पश्चात मांगलिक भवन चौराहा पर विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रेष्ठ वक्ताओं द्वारा हिन्दू एकता का आह्वान करते हुए पंच परिवर्तन के अंतर्गत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। धर्मसभा के पश्चात समस्त हिन्दू समाज परिवारों हेतु समरसता भोजन सामूहिक प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पत्तल-दोनों में शुद्ध सात्विक भोजन परोसा जाएगा। हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम संयोजक ने सभी सनातन धर्म प्रेमी बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



## जगतगुरु रामानंदाचार्य महोत्सव भक्ति भाव से मनाया, चल समारोह निकला

**मन्दसौर।** दशपुर वैष्णव बैरागी सांस्कृतिक सेवा समिति के तत्वावधान में जगतगुरु रामानंदाचार्य महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक उत्साह को दशार्या, बल्कि सामाजिक एकता और समाज के उज्जवल भविष्य का संकल्प भी दोहराया। महोत्सव का शुभारंभ समाज के आराध्य देव जगतगुरु रामानंदाचार्य जी एवं धर्म ध्वज (निशान) के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात ढोल-धमाकों, बैंड-बाजे और बग्घियों के साथ चल समारोह निकाला गया। संजय गांधी उद्यान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में द्वारकाधीश पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामेश्वरदास जी महाराज एवं संत श्री श्वासनंद जी महाराज (बढ़िया खेड़ी) के सानिध्य में दीप प्रज्ज्वलन व महाआरती हुई। स्वागत भाषण देते हुए अजय बैरागी ने बताया कि मंदसौर के इतिहास में यह पहला अवसर है जब दो राष्ट्रीय संगठन और एक प्रादेशिक संगठन के तीनों प्रदेश अध्यक्ष एक ही मंच पर उपस्थित रहे, जो सामाजिक एकजुटता का अनुपम उदाहरण है। समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश दिवाकर ने मंदसौर में एक भव्य गुरुकुल और समाज भवन निर्माण की रूपरेखा रखी। मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला ने कहा वैष्णव समाज सदैव सनातन धर्म की रक्षा हेतु अग्रणी रहा है। बर्डियाखेड़ी से पधारे संत श्री ने रामानंदाचार्य जी के जीवन और गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, महामंडलेश्वर श्री रामेश्वरदासजी महाराज ने समाज में व्याप्त कुरीतियों का कड़ा विरोध किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक रामावत ने किया एवं आभार सचिव विनोद बैरागी ने माना।

## डॉ. प्रमोद सेठिया को दो राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया




**मन्दसौर।** अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट में शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह में डाइट मन्दसौर के डॉ प्रमोद सेठिया को बाल केन्द्रित शिक्षा मे प्रेरणादायक साहित्यिक योगदान के लिए दो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. सेठिया को श्री दीनदयाल फाउंडेशन राजपुर वाराणसी द्वारा साहित्य क्षेत्र अमूल्य योगदान एवं विशिष्ठ सर्जना के लिए श्री हरिनाथ दुबे स्मृति साहित्य सम्मान 2025 दिया गया। वहीं शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश द्वारा विद्यालय बने आनन्द घर की संकल्पना के साथ आनन्दमय समाज की स्थापना मे अमूल्य सहयोग के लिए राष्ट्रीय लोक शिल्पी सम्मान 2026 प्रदान किया गया। डॉ प्रमोद सेठिया विगत दस साल से गिजुभाई बधेका के शैक्षिक दर्शन व बाल केन्द्रित शिक्षा के लिए साहित्य लेखन व लोक जागरण के साथ ही नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन मे गिजुभाई बधेका के विचारों के अनुरूप भयमुक्त आनन्दमय खेल खेल मे शिक्षा के बाल केन्द्रित दृष्टिकोण पर राष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहे है।

## कलेक्टर ने नीमच एवं जावद में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया



**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को नीमच के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं जावद के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया उन्होंने जावद के वार्ड नंबर 14 में नल से जल की आपूर्ति व्यवस्था को देखा और रहवासियों से चर्चा कर पेयजल की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली । कलेक्टर ने संबंधित निकायों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।। निरीक्षण के समय जलकर विभाग के अधिकारी एवं जावत नगर पंचायत सीएमओ जगजीवन शर्मा भी साथ थे जिन्होंने जिला कलेक्टर के साथ भ्रमण कर व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की बात कही।

## अंतरराष्ट्रीय शूटर किसान नेता व कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित का जन्मदिन मनाया



**मल्हारगढ़।** अंतरराष्ट्रीय शूटर किसान नेता एवं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव उत्तराखंड की प्रभारी पूनम पंडित का जन्मदिन शनिवार को दोपहर 3 बजे मजदूर भाइयों एवं बहिनों के बीच फल, फ्रूट, बिस्किट एवं मिठाई खिलाकर मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि पूनम पंडित ने हमेशा महिलाओं, किसान,गरीब,मजदूर व सर्वहारा वर्ग की लड़ाई को लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास किया है।किसान की हक की लड़ाई में पूनम पंडित कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलनकारी किसानों के साथ मैदान में डटी रही। इस मौके पर जिला कांग्रेस के सचिव महेंद्र गेहलोत नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता काचरिया,किशोर उणियारा,कांग्रेस नेता भेरूपप्पू गुर्जर,अनिल मुलासिया आदि मोजूद थे।



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव का मार्गदर्शन

**सुसनेर।** नवीन बस स्टैंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को योगाचार्य हरीश कुमार श्रीवास्तव, सदस्य मध्य प्रदेश योग आयोग एवं आगर रत्न का विद्यालय आगमन हुआ। कार्यक्रम प्रबंध समिति के सचिव अशोक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। योगाचार्य श्रीवास्तव ने समस्त आचार्य परिवार को योग विषय पर संबोधित करते हुए योग क्रियाओं के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग न केवल आचार्य परिवार के लिए बल्कि भैया-बहनों के लिए भी अत्यंत उपयोगी है तथा नियमित अभ्यास से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सुनील सोनी ने अतिथि का परिचय एवं स्वागत किया। जबकि वरिष्ठ आचार्य निर्मल जैन एवं जितेंद्र कुशवाहा ने सहभागिता निभाई।

## अभिभाषक संघ अध्यक्ष भूपेन्द्रसिंह चौहान एवं पदाधिकारियों का पत्रकार संघ ने किया सम्मान




**सुसनेर।** शुक्रवार को अभिभाषक संघ कार्यालय पर हाल में मनोनीत हुए अभिभाषक संघ सुसनेर के नवनियुक्त अध्यक्ष वरिष्ठ अभिभाषक भूपेंद्रसिंह चौहान, सचिव पूरसिंह सिसोदिया, कोषाध्यक्ष दीपक सक्सेना एवं पदाधिकारियों का पत्रकार संघ की और सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। पत्रकारों ने साफा बांधकर एवं फूलमालाओं से स्वागत कर उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम संबोधित करते हुए नवनियुक्त अभिभाषक संघ अध्यक्ष भूपेंद्रसिंह चौहान ने कहा कि अभिभाषक संघ और पत्रकार संघ दोनों गैर राजनीतिक संगठन हैं और दोनों ही जनता ओर समाज के हित में कार्य करता है। पत्रकार संघ कलम के माध्यम से संघर्ष करके आम जनता को न्याय दिलाता है अभिभाषक गण न्यायालय में संघर्ष करके आम जन को न्याय दिलाने का प्रयास करता हैं। कार्यक्रम को वरिष्ठ हाईकोर्ट अधिवक्ता श्याम मुराली बांगड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि अभिभाषक संघ सुसनेर का इतिहास रहा है कि यहां 45 सालों से अधिक समय से कभी चुनाव नहीं हुए। हमेशा सुसनेर अभिभाषक संघ का अध्यक्ष निर्विरोध ही सभी की सहमति से चुना जाता है। अभिभाषकों और पत्रकारों का आजादी की लड़ाई में भी बड़ा महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग रहा है। परन्तु आज अभिभाषक हड़ताल या कलम नहीं चला सकते पर पत्रकार स्वतंत्र है। अंत में आभार वरिष्ठ एडवोकेट अशोक चावड़ा ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक राणा चितरंजनसिंह, देवराज बैरागी, गजेन्द्रकुमार बंजारिया, राणा दशरथसिंह, जयनारायण सोलंकी, समाजसेवी आशिक हुसैन बोहरा, तनुजा सातपुते सहित अभिभाषक व पत्रकार गण उपस्थित थे।

## हिंदू महासम्मेलन के लिए घर-घर जाकर पीले चावल के साथ दिया निमंत्रण



**कानड़।** नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही है। इस महासम्मेलन में मातृशक्ति और संत और वक्त का मंच भी उपस्थित होंगे हिंदू जागरण की दिशा और नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विशाल हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सनातनी बंधुओ के घर जाकर व पीले चावल के साथ में हिंदू सम्मेलन के सह परिवार आने के लिए निमंत्रण पत्र देने का कार्य हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के सदस्य द्वारा दिए जा रहे हैं।कानड़ मंडल के अंतर्गत चांनदगांव, बीजनाखेड़ी , पचलाना, कुंडला खुर्द, इन मंडल में निमंत्रण और पीले चावल के साथ हिंदू महा सम्मेलन में शामिल होन का निमंत्रण दिए गए हैं। पहला 11 जनवरी को होने वाला हिंदू सम्मेलन जो चांनदगांव व हनुमान मंदिर बटावदा मे होने जा रहा है। वही कानड़ नगर की माधव बस्ती में 18 जनवरी 2026 वही 25 जनवरी को केशव बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है इस महा सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में आने वाले सभी सनातनी बंधुओ का समरसता भोज का आयोजन होगा।उपस्थित सभी महिला एवं पुरुष एक साथ बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण करें इस महासम्मेलन में वक्त के रूप में संत मातृ शक्ति एवं सामाजिक प्रबुद्ध जन मनचासन रहेंगे।

## विदेश यात्रा से लौटे टेटवाल का भोपाल पहुंच कर किया भव्य स्वागत

**सारंगपुर।** सारंगपुर विधायक ओर प्रदेश के कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल के पांच दिवसीय सिंगापुर यात्रा से लौटने पर सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भोपाल विमानतल पर भव्य स्वागत किया। दरअसल मंत्री गौतम टेटवाल की यह विभागीय यात्रा थी, जिसमें उनके द्वारा सिंगापुर में तकनीकी विषय व कौशल विकास की नवीनतम तकनीकी को देखा ओर नवीनतम शोधों व विषय को मध्यप्रदेश में लागू करने पर चर्चा की। इस अवसर पर सारंगपुर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, पचोर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोडिया, भाजपा गुलावता मंडल अध्यक्ष गिरवर भंडारी मौजूद रहे।

# विकासखंड स्तरीय विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

### हर मॉडल विषय को सरल बनाता है- तिवारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल एवं प्रादर्श प्रस्तुत किए गए। इस वर्ष प्रदर्शनी में सामाजिक विज्ञान विषय को भी सम्मिलित किया गया, जिससे विद्यार्थियों को समग्र दृष्टिकोण से सीखने का अवसर मिला।

प्रदर्शनी की मुख्य थीम विकसित और आत्मनिर्भर भारत रखी गई। उपविषयों में विज्ञान एवं पर्यावरण के अंतर्गत सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकी, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा जल संरक्षण एवं प्रबंधन से संबंधित विषय शामिल रहे।

प्रदर्शनी का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बीएससी संतोष भैनिया, विजय जैन, ईश्वर ओसारा, पारस जैन एवं रामदयाल गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर बीईओ तिवारी ने कहा कि हर मॉडल जटिल विषयों को सरल रूप में प्रस्तुत करता है, जिससे विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का विकास होता है। प्रदर्शनी का अवलोकन बीआरसी कार्यालय से प्रशिक्षण प्रभारी विजय जैन, संतोष भैनिया एवं उल्लास समन्वयक ईश्वर ओसारा द्वारा किया गया। वहीं प्रदर्शनी का मूल्यांकन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुसनेर के पारस जैन, दीपक जैन एवं अशरफ मंसूरी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय सेमिनार (विचार गोष्ठी) का आयोजन भी किया गया, जिसमें विषय ह्लप्लास्टिक प्रदूषण कम करने में बच्चों की भूमिकाह्व पर विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर जनशिक्षक केंद्र से रामदयाल गुर्जर, रोशन बैग, शिवलाल ओसारा, कमलेश जैन, इख्तियार खान सहित संस्था के मार्गदर्शक शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शुजालपुर में गत माह की थी दिल्ली व हरियाणा के बदमाशों ने जालसाजी

# एटीएम बदलकर रुपए निकालने वाले दो आरोपी पकड़ाए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



पंजाब नेशनल बैंक शुजालपुर एटीएम कक्ष में रुपए निकालने पहुंचे देहंडी के पूर्व सरपंच सलीम खान के साथ दिसंबर माह के दूसरा सप्ताह में जालसाजी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया, इस मामले में एक अन्य आरोपी फ रार है। पुलिस को यह सफलता सीडीआर व सीसीटीवी फूटेज के आधार पर मिली। पकडे गए बदमाश कई राज्यों में इस तरह की जालसाजी करते आ रहे है।

ग्राम देहण्डी निवासी सलीम पिता नन्ने खां 9 दिसम्बर को पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में रुपए निकालने पहुंचे थे तब तीन व्यक्तियों ने बातों में उलझाकर उनका एटीएम बदल लिया था तथा सलीम खां के खाते से 55 हजार रुपए निकल गए थे। बदमाशों ने यह राशि शॉपिंग व अन्य कार्य में उपयोग की थी। इस संबंध में फरियादी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी, पुलिस ने एटीएम कक्ष एवं मंडी क्षेत्र स्थित एक कपड़े की दुकान से सीसीटीवी फूटेज एकत्रित किए थे। साथ ही सीडीआर भी सायबर की मदद से प्राप्त की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपियों की तलाश के लिए टीम का गठन किया गया। इस मामले में पुलिस को सफलता मिल गई और जालसाजी करने वाले आरोपी आदिल पिता इकराम 34 वर्ष निवासी द्वारका सेक्टर 16, मेट्रो स्टेशन के पास दिल्ली तथा मोनिश सेफी पिता रईस उद्दीन बडकल कॉलोनी दिल्ली वाली मस्जिद फ रीदाबाद हरियाणा को गिरफ्तार किया। इनका एक अन्य साथी आस मोहम्मद पिता नौशाद निवासी लोनी दिल्ली का फ रार है। आरोपियों से पुलिस ने धोखाधडी के 40 हजार रुपए जप्त किए। इस कार्यवाही में निरीक्षक शिवकुमार यादव, उपनिरीक्षक विजय खत्री, उपनिरीक्षक तके सिंह धोलिया, सहायक उपनिरीक्षक इसराइल खान, प्रधान आरक्षक रंजीत भानेरिया, राजदयाल श्रीवास्तव, आरक्षक सचिन सिसोदिया, पवन परमार, संदीप यादव की सरहानीय भूमिका रही।

### सारंगपुर में धूप खिलते ही बदला मौसम

## ठंड से लोगों को मिली राहत, दिन-रात के तापमान में बढोतरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

सारंगपुर क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से जारी कडाके की ठंड से अब लोगों को धीरे-धीरे राहत मिलनी शुरू हो गई है। मौसम के मिजाज में आए बदलाव के चलते दिन और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है, जिससे आम जनजीवन को सुकून मिला है। लंबे समय बाद आसमान साफ होने से बादल छंट गए हैं और कोहरे का असर भी अब बेहद मामूली रह गया है। बीती रात की तुलना में अधिक रहा। इससे पहले लगातार तापमान में गिरावट के चलते रात के समय ठंड का प्रकोप काफी बढ गया था। वहीं दिन के तापमान में भी एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है और यह बढकर 25 डिग्री पर पहुंच गया है। तापमान में आई इस बढोतरी से दिन के समय लोगों को ठंड से कुछ राहत महसूस हो रही है। गुरुवार सुबह से ही तेज धूप खिली रहने के कारण सर्दी की तीव्रता में कमी आई है। धूप निकलने से बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर चहल-पहल भी बढती नजर आ रही है। हालांकि, मौसम में सुधार के बावजूद ठंडी हवाएं अब भी चल रही हैं, जिसके कारण सुबह और देर शाम के समय ठिठुरन बनी हुई है। लोग अभी भी गर्म कपडों का सहारा ले रहे हैं और अलाव तापने का सिलसिला पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। कुल मिलाकर, क्षेत्र में मौसम अब धीरे-धीरे सामान्य होने की ओर बढ रहा है। तापमान में हो रही बढोतरी और साफ मौसम से आने वाले दिनों में ठंड के असर में और कमी आने की संभावना जताई जा रही है, जिससे लोगों को सर्दी से और अधिक राहत मिल सकती है।

## बिना अनुमति निर्माण से सिमट रही गलियां, कार्रवाई पर पंचायत मौन

**सारंगपुर।** शहर सहित जनपद पंचायत क्षेत्र इन दिनों अवैध निर्माण और बढते अतिक्रमण की गिरफ्त में है। शहर के साथ साथ गांव में नियम-कायदों को ताक पर रखकर किए जा रहे मनमाने निर्माण ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। स्थिति यह है कि कहीं जमीन पर पक्का निर्माण कर रास्ते रोके जा रहे हैं, तो कहीं अतिक्रमण कर छज्जों और बालकनी के विस्तार के कारण गलियां संकरी होती जा रही हैं। इस अव्यवस्था के बीच ग्राम पंचायत की चुप्पी और कार्रवाई से दूरी क्षेत्र के भविष्य के लिए बडा खतरा बनता जा रहा है। अतिक्रमण का सबसे बुरा असर इन बड़े कस्बो, गांव के यातायात और बच्चों की सुरक्षा पर पड रहा है। गलियां इतनी संकरी हो चुकी है कि क्षेत्र के स्कूलों के छोटे ऑटो और टेम्पो भी बच्चों को लेने अंदर नहीं जा पा रहे हैं। अभिभावकों और वाहन चालकों का कहना है कि आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। यदि समय रहते इन अवैध निमार्णों पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो भविष्य में एंबुलेंस और फायर। गयर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं का गांव में प्रवेश करना भी असंभव हो जाएगा। जानकारों का मानना है कि अनियोजित तरीके से बढता यह अतिक्रमण जनपद क्षेत्र के शहरीकरण के सपने को चकनाचूर कर सकता है।

### खेलों एमपी आयोजन को लेकर बैठक हुई

# महाविद्यालय मैदान में होगी स्पर्धाएँ



दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत शुजालपुर विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा को लेकर एक बैठक सीएम राइज विद्यालय परिसर में हुई। इस बैठक में आगामी प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तैयार की गई और खिलाडियों की चयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस बैठक का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक समन्वयक हुकम सिंह परमार और माँ शारदा सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य रजनीश त्रिवेदी के विशेष मार्गदर्शन में किया गया। बैठक के दौरान ब्लॉक स्तर पर होने वाली चयन स्पर्धा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए खेल संयोजक भूपेंद्र सिंह परमार ने सभी खेल शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित किया। इस दौरान खेल शिक्षक दीपक मीणा, राहुल मीणा, रिचा योगी, विमला परमार, तूफ ान धनगर, राहुल सैनी, रोहित जाटव, अरविंद सेठ, संदीप मंडलोई, अमर राजपूत, रक्षित पाठक, आनंदीलाल परमार, मनीष गुप्ता, अरुण शर्मा सहित अन्य खेल शिक्षक व प्रशिक्षक मौजूद रहे। सभी ने खेलों को बढावा देने और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। ब्लॉक समन्वयक हुकुमसिंह परमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 10 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय मैदान शुजालपुर पर संपन्न कराई जाएंगी। यहाँ से चयनित खिलाडी आगामी जिला और संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में शुजालपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### पोस्ट ऑफिस में सर्वर डाउन:

# तीन दिन से सेवाएं बंद, ग्राहक न पैसा निकाल पा रहे, न जमा हो रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

सारंगपुर डाकघर में इन दिनों काम-काज पूरी तरह ठप पड़ा है। पिछले तीन दिनों से सर्वर में ऐसी तकनीकी खराबी आई है कि डाकघर के कंप्यूटर शोपीस बन गए हैं। न चिट्ठी-पत्री का काम हो पा रहा है और न ही पैसों का लेन-देन। आलम यह है कि दूर-दूर से आने वाले सैकड़ों लोग हर रोज खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं।

स्थानीय निवासी सचिन गुर्जर ने कहा मैं पिछले तीन दिनों से लगातार यहां आ रहा हूं। घर में जरूरी काम है और पैसों की सख्त जरूरत है, लेकिन यहां आकर पता चलता है कि सर्वर ही नहीं चल रहा। न पैसे जमा हो रहे हैं और न ही निकल पा रहे हैं। सचिन जैसे कई और बुजुर्ग और ग्रामीण भी अपनी जमा-पूंजी के लिए डाकघर की सीढ़ियां चढ़-चढ़कर थक चुके हैं।




#### बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह बंद

सर्वर फेल होने की वजह से बचत खाता, आरडी, एफडी और मनी ट्रांसफर जैसी तमाम जरूरी सेवाएं बंद पड़ी हैं। सारंगपुर डाकघर अपनी बैंकिंग सुविधाओं के लिए बड़ा केंद्र है, ऐसे में सर्वर डाउन होने से उन लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है जो पूरी तरह डाकघर की सेवाओं पर ही निर्भर हैं।

#### कर्मचारियों का दावा, सुधर जाएंगे हालात

डाकघर के कर्मचारियों का कहना है कि सर्वर में कुछ तकनीकी खामी (शूज मिस्टेक) आ गई है। उन्होंने बताया हमने ऊपर इसकी जानकारी दे दी है। टीम काम कर रही है और उम्मीद है कि जल्द सर्वर ठीक हो जाएगा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी सेवाएं फिर से सामान्य रूप से शुरू कर दी जाएंगी।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर रहती है ये समस्या

हैरानी की बात यह है कि यह कोई पहली बार नहीं है। सारंगपुर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी डाकघर का सर्वर डाउन होना एक पुरानी बीमारी बन गई है। दरअसल डिजिटल इंडिया के इस दौर में बार-बार सर्वर का ठप होना सीधे तौर पर आम आदमी की जेब और वक्त पर भारी पड़ रहा है। 01



## श्रीमती कृष्णा गुरगेला का सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

**खिलचीपुर।** दिनेश चंद्र गुरगेला सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी की धर्मपत्नीश्री मति कृष्णा गुरगेला सहायक शिक्षिका एवं ब्लॉक अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस खिलचीपुर की सेवा निवृत्त शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय सोमवारिया खिलचीपुर के अवसर पर उनके पारिवारिक स्वजन सहकर्मियों केसाथ ही शिक्षक कांग्रेस जिला राजगढ़ की कार्यकारिणी द्वाराएक समारोह शाह की बगीची खिलचीपुर में स्व रूचि भोज/भजन संध्या में सहभागी महेश श्रीवास्तव (संरक्षक)कंवर लाल धाकड़, देवेन्द्र पारीख, भानु प्रकाशसिंह, शंकरलाल धाकड़ अशोक कुमार, भेरूलाल पोटर, भावना जायसवाल, साना खान, नौशाद खान आदि सम्मिलित हुए।

## शासकीय स्कूल भीलवाड़िया मे लगा स्वास्थ्य कैंप



**ब्यावरा।** शासन के निर्देश अनुसार स्वस्थ्य विभाग की आरबीएस टीम से डॉक्टर भानसिंह, एएनएम रेवती लोधा, सहायक देवराज वर्मा ने स्कूल के करीब 60 से अधिक छात्र छात्राओ के स्वास्थ्य परीक्षण और हीमोग्लोबिन का टेस्ट किया, हीमोग्लोबिन की कमी वाले स्टूडेंट्स को फोलिक एसिड की टेबलेट वितरित की एंव प्राकृतिक रूप भोजन के माध्यम से शरीर मे रक्त बढाने के उपाय डाक्टर भान सिंह ने सभी को बताए, इस अवसर पर प्राचार्य लाखन सिंह यादव एंव स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के बोडा थाना अंतर्गत फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी एक नाबालिग बालिका लापता हो गई, पुलिस ने अपराध क्रमांक 5 बटा 26 धारा 137, 2 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया, तकनीकी विश्लेषण एवं सीडीआर लोकेशन के आधार पर पुलिस को भोपाल रवाना किया सायबर की मदद से भोपाल भानपुर से गुमशुदा नाबालिग बालिका को ढूंढकर कथन लिये, पीडिता ने बताया कि आरोपी संतोष उर्फ बंटी पिता राजेश रैकवार 24 मालीखेडी भोपाल ने शादी का झांसा देकर अपहरण कर बलात्कार किया पुलिस ने विभिन्न धाराओ में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु भोपाल टीम रवाना की जिसने लोकेशन व मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को अपहृता को ढूंढकर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।

## मध्य प्रदेश पेंशनर समाज का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित



**खाचरोद।** मध्य प्रदेश पेंशनर समाचार का खाचरोद द्वारा 24 वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें प्रांतीय महामंत्री आर सी मिश्रा पीठाधीश्वर स्वामी कृष्णानंद, जिला अध्यक्ष मदन लाल पाटीदार उपाध्यक्ष मोहनलाल लोहार भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा एवं सभी तहसीलो के अध्यक्ष उपस्थित थे। सम्मेलन में वर्ष वर्ष 2022 में सेवानिवृत्त 12 कर्मचारी एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के 5 पेंशनर्स का सम्मान किया गया तथा नवीन सदस्यों का स्वागत किया गया। पीठाधीश्वर स्वामी श्री कृष्णानंद द्वारा सनातन धर्म के ऊपर अपने विचार व्यक्त किये तथा सभी पेंशनर्स को धार्मिक कार्यों में जोड़ने का आह्वान किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने महिला को सशक्त बनाने एवं उनको गुरुकुल में अपनी सेवा देने हेतु प्रेरित किया तथा पेंशनरों की समस्याओं को शासन स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया गया। आर मिश्रा द्वारा पेंशनर्स को आने वाली समस्याओं से संबंध में अवगत कराया गया तथा उनका निराकरण के लिए उपाय बताए गए। पाटीदार द्वारा संगठन को सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया गया। भरतलाल शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जगदीश शर्मा अध्यक्ष शंकर लाल गुल्या उपाध्यक्ष मदनलाल पाटीदार शोभाराम परासिया सुरेश शर्मा नरेंद्र पवार कमल किशोर सोनी, अशोक जैन आदि उपस्थित थे ।









## सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- महात्मा गांधी ने किस वर्ष दांडी मार्च शुरू किया था?
1930
- एक दिन में कितने सेकंड होते हैं?
86400
- एक पिरामिड के आधार की कितनी भुजाएँ होती हैं?
4
- चौथी बौद्ध संगीति किस सम्राट के शासनकाल में आयोजित हुई थी?
कनिष्क
- चोल वंश का संस्थापक कौन है?
विजयालय
- अंतरिक्ष में जाने वाला पहला जानवर कौन सा था?
कुत्ता
- जावर खानें भारत के किस राज्य में स्थित हैं?
राजस्थान
- प्लास्टिक समझौता करने वाला एशिया का पहला देश कौन सा है?
भारत
- फिनलैंड की राजधानी क्या है?
हेलसिंकी
- ओजोन परत वायुमंडल की किस परत में है?
समताप मंडल
- मोरक्को की राजधानी क्या है?
मोजाम्बिक
- विश्व की सबसे लंबी नदी कौन सी है?
नील
- माउंट एकॉनकागुआ किस पर्वत श्रृंखला में स्थित है?
एंडीज
- 'ओक टसर उद्योग' शुरू करने वाला पहला भारतीय राज्य कौन सा था?
मणिपुर

बोर्ड एग्जाम कुछ ही महीने में शुरू होने वाले हैं. ऐसे में बच्चों की टेंशन भी बढ़ जाती है और पढ़ाई का प्रेशर भी. लेकिन अगर माता-पिता कुछ बातों का ध्यान रखें तो बच्चे को स्ट्रेस के दूर रख सकते हैं. चलिए आपको बताते हैं ऐसे ही 5 पॉइंट

# बोर्ड एग्जाम के लिए बच्चे ऐसे करें तैयारी

## ये 5 पॉइंट कर लें नोट, स्ट्रेस से रहेंगे दूर

बोर्ड परीक्षा हर छात्र के जीवन का एक अहम पड़ाव होती है. बच्चे इसके लिए पूरे साल जमकर तैयारी करते हैं. वहीं, जैसे-जैसे एग्जाम की तारीख नजदीक आती है, बच्चों का स्ट्रेस भी बढ़ जाता है. सिर्फ इतना ही नहीं बच्चों के साथ ही माता-पिता पर भी दबाव बढ़ जाता है. अच्छे नंबर लाने की उम्मीद, समय पर सिलेबस पूरा करने की चिंता और भविष्य को लेकर सवालङ्क्ये सब मिलकर बच्चे के मन में स्ट्रेस पैदा कर सकते हैं. कई बार देखा जाता है कि तैयारी के चक्कर में बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से थकने लगते हैं, जिसका असर उनकी पढ़ाई और आत्मविश्वास पर पड़ता है.

ऐसे समय में जरूरी है कि बोर्ड इग्जाम की तैयारी सिर्फ किताबों तक सीमित न रहे, बल्कि बच्चे के मेंटल हेल्थ और रूटीन पर भी बराबर ध्यान दिया जाए. सही गाइडेंस, बैलेंस तरीके से की गई पढ़ाई और पॉजिटिव माहौल से बच्चे न सिर्फ बेहतर तैयारी कर पाते हैं, बल्कि बिना तनाव के परीक्षा का सामना भी कर सकते हैं. चलिए जानते हैं कि कैसे आप अपने बच्चे को बोर्ड एग्जाम के लिए बिना स्ट्रेस के तैयार कर सकते हैं. यहां हम आपको 5 पॉइंट बता रहे हैं.

### सही टाइम-टेबल बनाएं

बोर्ड एग्जाम के लिए बच्चे को पूरा दिन पढ़ाने से अच्छा है. एक टाइम टेबल बनाएं, जिसमें पढ़ाई के साथ ब्रेक भी शामिल हों. लगातार पढ़ने की बजाय छोटे-छोटे सेशन में पढ़ाई करने से दिमाग थकता नहीं और याद करने की क्षमता भी बढ़ती है. साथ ही दिमाग भी स्ट्रेस फ्री रहता है.

### रिवीजन को प्रायोरिटी दें

बोर्ड एग्जाम के लिए बच्चे लंबे समय से तैयारी कर रहे होते हैं. स्कूल से लेकर घर में भी कई बच्चे पढ़ाई करते हैं और जवाबों को याद करते हैं. लेकिन सिर्फ नया पढ़ना काफी नहीं होता. जो पढ़ा है उसका नियमित रिवीजन बेहद जरूरी है. हफ्ते में कम से कम एक बार पूरे सिलेबस का रिवीजन करने से कॉन्फिडेंस बढ़ता है.

### मोबाइल और स्क्रीन टाइम सीमित रखें

पढ़ाई के समय मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाना बेहद जरूरी है. इससे ध्यान भटकता है और समय की बबार्दी होती है. पढ़ाई के बाद सीमित समय के लिए ही स्क्रीन इस्तेमाल करने दें. इससे माइंड थोड़ा फ्रेश होगा और बच्चा भी स्ट्रेस से दूर रहेगा.

### नींद और खानपान का ध्यान रखें


पूरी नींद और हेल्दी खाना बच्चे के दिमाग को एक्टिव रखने में मदद करता है. ऐसे में देर रात तक जागकर पढ़ने की आदत से बचें. बच्चे के सोने के लिए 1 समय तय कर दें. इससे नींद भी पूरी होगी. पढ़ाई भी फ्रेश माइंड से होगी और स्ट्रेस भी आसपास नहीं भटकेगा.

### पॉजिटिव माहौल और मोटिवेशन दें

बच्चे पर जरूरत से ज्यादा दबाव न डालें. उसे समझाएं कि परीक्षा जीवन का एक हिस्सा है, सब कुछ नहीं. तारीफ, हौसला और भरोसा बच्चे को मानसिक रूप से मजबूत बनाता है. इसलिए घर का भी माहौल पॉजिटिव बनाएं और खुद को भी.




### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट में वापसी की सलाह दी है। उनका मानना है कि किंग कोहली को अपने फैसले को पलट देना चाहिए।

# 'विराट में अभी भूख है.. टेस्ट में वापसी करनी चाहिए'

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के फैसले पर बात की है। उनका मानना है कि किंग कोहली में अभी रनों की भूख है। उन्हें इस प्रारूप में अपने संन्यास के फैसले को पलटकर वापसी करनी चाहिए। बता दें कि, पूर्व भारतीय कप्तान ने पिछले साल मई में लाल गेंद प्रारूप को अलविदा कह दिया था जबकि टी20 विश्व कप 2024 के बाद दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। अब वह सिर्फ वनडे खेलते हैं।

### उथप्पा ने साझा की कोहली की तस्वीर

उथप्पा ने सोशल मीडिया पर कोहली की एक तस्वीर साझा की। यह फोटो न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले नेट्स प्रैक्टिस की है। पूर्व खिलाड़ी ने कैप्शन में लिखा, 'उनकी आंखें एक कहानी बताती हैं। पक्का अब उनके टेस्ट रिटायरमेंट को वापस लेने का समय आ गया है। उन्हें टेस्ट क्रिकेट में वापस देखना अच्छा लगेगा।'




### रणजी में भी खेले

टेस्ट से संन्यास से पहले कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत पर्थ में एक शानदार शतक के साथ की थी, लेकिन अगले चार टेस्ट में वह उस लय को बनाए नहीं रख पाए। भारत आखिरकार पांच मैचों की सीरीज 1-3 से हार गया, जिसके बाद बीसीसीआई ने जनवरी 2025 में सीरीज के बाद रिव्यू किया। रिव्यू के बाद, कोहली और रोहित शर्मा रणजी ट्रॉफी में खेले क्योंकि बोर्ड ने खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना जरूरी कर दिया था, अगर वे टेस्ट खेलना जारी रखना चाहते थे। हालांकि, कोहली जल्द ही भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान के तौर पर रिटायर हो गए, उन्होंने 123 मैचों में 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए।

## अपने ही खिलाड़ी ने बीसीबी को दिखाया आईना, तमीम इकबाल ने भविष्य को लेकर चेताया; विवाद पर दी राय

**ढाका।** भारत में टी20 विश्व कप नहीं खेलने की मांग पर अड़े बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को अपने ही खिलाड़ी ने आईना दिखाया है। पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने बोर्ड को चेताया है कि वह भावनाओं में बहकर नहीं, बल्कि भविष्य को ध्यान में रखकर फैसला ले। दरअसल, बीसीबी ने आईसीसी को पत्र लिखकर मांग की है कि वह टी20 विश्व कप में अपने मुकाबले भारत के बजाए श्रीलंका में खेलना चाहता है।

### बांग्लादेश के रुख से बीसीबी में ही मतभेद

बांग्लादेश के खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल ने स्थल बदलने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने राष्ट्रीय गौरव का हवाला दिया और सरकारी गलियारों में भारत विरोधी बढ़ती भावना को जारी रखा। बीसीबी और सरकार के बीच इस मुद्दे पर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। अमिनुल इस्लाम बुलबुल के नेतृत्व वाला बीसीबी इस दृष्टिकोण से पूरी तरह सहमत नहीं है।

**'बांग्लादेश क्रिकेट और खिलाड़ियों के हित में हो फैसला':** तमीम ने स्पष्ट किया, हम बीसीबी को एक स्वतंत्र संस्था मानते हैं। निश्चित रूप से सरकार बड़ी भूमिका जरूर निभाती है और उसके साथ चर्चा जरूरी है, लेकिन अगर हम बीसीबी को स्वतंत्र मानते हैं तो इसे अपने निर्णय लेने का अधिकार भी होना चाहिए। अगर बोर्ड किसी फैसले को सही मानता है तो उसे वह निर्णय लेना चाहिए।

## बाबर आजम को आउट करने के बाद स्टोइनिस को क्यों आया गुस्सा?

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर और मेलबर्न स्टार्स के कप्तान मार्कस स्टोइनिस ने गुरुवार को खेले गए बिग बैश लीग (BBL) मैच में पाकिस्तान स्टार बाबर आजम को आउट कर एक तीखा सेंड-ऑफ दिया। यह पल मैच में अचानक हाई-वोल्टेज ड्रामा लेकर आया और सोशल मीडिया पर भी चर्चा में रहा।

पहली पारी में स्टोइनिस केवल 33 रन बनाकर आउट हुए थे। उनका कैच कवर पर कोई और नहीं बल्कि बाबर आजम ने ही लपका था और शायद उनके जश्न का तरीका स्टोइनिस को पसंद नहीं आया था। दूसरी पारी में जैसे ही बाबर क्रीज पर आए, स्टोइनिस ने मौका निकाला और उन्हें 14 रन पर एल्बीडब्ल्यू कर दिया।

स्टोइनिस की फुलर गेंद बाबर के पैड से टकराई, स्टंप्स की ओर जा रही थी, और अपील के बाद अंपायर ने अंगुली उठा दी। फैसला पक्ष में मिलते ही स्टोइनिस ने एनिमेटेड अंदाज में जश्न मनाया और बाबर को तीखा सेंड-ऑफ दिया। वह बाबर की तरफ बढ़ते हुए कुछ कहते हुए दिखाई पड़े। हालांकि, बाबर ने इस पर ध्यान दिए बिना नॉन-स्ट्राइकर छोर पर जोश फिलिप से कुछ बात की, लेकिन रिव्यू नहीं लिया और पवेलियन लौट गए।

**आवश्यकता है**
मैनेजर, अस्टिंट मैनेजर, हाउस कीपिंग, कम्प्यूटर आपरेटर, एकाउंटेंट, सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार की आवश्यकता है। होटल हेतु।
संपर्क 9893374872




**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर

मो. 9301388290, 9340903559

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क
9993368146

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### टू व्हीलर पर आया बदमाश, पैदल जा रही महिला का पर्स छिनकर भागा

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में टू व्हीलर सवार बदमाश महिला के हाथ से उसका पर्स छिनकर भाग निकला। महिला ने शोर भी मचाया, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आया। इधर, महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक साधना पटेल निवासी गुमाश्ता नगर हाल मुकाम उत्तम नगर अहमदाबाद की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना शुक्रवार को शैल पुत्री सफायर गुमाश्ता नगर के सामने हुई। बताया जा रहा है कि वह किसी काम से पैदल जा रही थी, इसी दौरान पीछे से एक बदमाश एक्सेस गाड़ी पर आया उनके हाथ पर झपट्टा मारकर पर्स छीन लिया। महिला ने बताया कि पर्स में मोबाइल फोन और 2300 रुपए नगदी रखी थी। अचानक हुए हमले से महिला भी घबरा गई। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी जमा हो गए, तब तक बदमाश भाग निकला। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। पुलिस मिली जानकारी के आधार पर बदमाश की तलाश कर रही है।

### फ्री में मिठाई नहीं दी तो डेयरी संचालक सहित दो बेटों के साथ की मारपीट

**इंदौर।** फ्री में मिठाई लेने पहुंचे बदमाशों को डेयरी संचालक ने मना किया तो बदमाशों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। विवाद इतना बड़ा की बदमाशों ने डेयरी संचालक को गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में डेयरी संचालक सहित तीन लोग घायल हो गए। बदमाश पहले भी फ्री में मिठाई लेने आ चुके थे। पुलिस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना शुक्रवार रात एरोड्रम थाना क्षेत्र के 60 फीट रोड़ की है। टीआई तरुण भाटी ने बताया कि 60 फीट रोड़ पर श्रीकृष्णा डेयरी व स्वीट्स दुकान है। इसके संचालक मोहन गुर्जर और उनके दो बेटे नितिन और अंकित है। रात करीब 11 बजे तीन से चार लड़कों ने उनके साथ मारपीट की उसमें मोहन गुर्जर को गले में चोट है, घटना में नितिन भी घायल है। फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। घटना को लेकर पूछताछ जारी है। उन्होंने एक युवक का नाम बताया जो मिठाई लेने आया था। मिठाई को लेकर उनका विवाद होने से यह घटना हुई। आरोपी की जानकारी और रिकॉर्ड निकाले जा रहे हैं। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### रात में फोन लगाने की बात पर हुआ झगड़ा नाबालिग ने दूसरे नाबालिग को मारा चाकू

**इंदौर।** जूनी इंदौर इलाके में एक नाबालिग ने दूसरे नाबालिग को चाकू मार दिया। साथ ही जान से मारने की भी धमकी दी। मामले में जूनी इंदौर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक घटना शुक्रवार की है। एक नाबालिग दुकान के सामने खड़ा था, तभी वहां पर दूसरा नाबालिग आया और कहने लगा कि कल रात तूने मुझे फोन क्यों लगाया था। पहले नाबालिग ने कहा कि मेरा नया फोन है मैं नंबर लगा रहा था, तो गलती से लग गया होगा। इस बात पर दूसरे नाबालिग ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उसे मना किया तो दूसरे नाबालिग ने जेब से चाकू निकाला और पहले नाबालिग के पैर पर मार दिया। साथ ही कहा कि आगे से फोन किया तो जान से खत्म कर दूंगा। इधर, मामले में जूनी इंदौर पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर दूसरे नाबालिग के खिलाफ कायमी की है।

### भागीरथपुरा को मिला था शहर का सबसे स्वच्छ वार्ड अवॉर्ड

**इंदौर।** इंदौर के जिस भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 20 लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से बीमार हैं। उसे 2023 में शहर का सबसे स्वच्छ वार्ड घोषित कर अवॉर्ड दिया गया था। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने न सिर्फ मंच से वार्ड-11 के पार्षद कमल वाघेला की तारीफ के पुल बांधे थे, बल्कि उन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया था। अब सवाल उठ रहा है कि जिस वार्ड को स्वच्छता और विकास का मॉडल बताया था, वहां इतनी बड़ी त्रासदी कैसे हो गई। महापौर के कार्यकाल के तीन साल पूरे होने पर अगस्त 2025 में भागीरथपुरा में विकास कार्यों के भूमिपूजन का कार्यक्रम हुआ था। उसमें भी भार्गव ने वार्ड में विकास कार्यों की बड़ी तारीफ की थी। ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। जिसमें महापौर भागीरथपुरा को इंदौर का सबसे अच्छा और स्वच्छ वार्ड बताते नजर आ रहे हैं। इस दौरान मंच पर पार्षद कमल वाघेला भी मौजूद थे। महापौर ने मंच से भागीरथपुरा के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की और अन्य वार्डों के पार्षदों को यहां आकर काम देखने की सलाह दी थी।

### बियाबानी क्षेत्र में चाइनीज डोर से हार्डवेयर व्यापारी का गला कटा

**इंदौर।** प्रतिबंधित मांजे से पतंग उड़ाने व हादसे की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शुक्रवार शाम धार रोड स्थित बियाबानी से बाइक से घर जा रहे एक व्यापारी का चाइनीज मांजे से गला कट गया। काफी खून बहने लगा। तुरंत आसपास के लोग दौड़े और उसकी मदद की। फिर एक दोस्त ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल डॉक्टरों ने उसे ज्यादा बात करने से मना किया है। जानकारी अनुसार घटना शुक्रवार शाम को बियाबानी पोस्ट ऑफिस के सामने की है। यहां से जा रहे अम्मार नगर के हुसैन भाई का गला चाइनीज मांजे से कट गया उन्हें टांके लगाए हैं। हुसैन भाई की हार्डवेयर की दुकान है। छत्रीपुरा टीआई संजीव श्रीवास्तव के अनुसार हमें भी लोगों के माध्यम से जानकारी मिली है। हमने इलाके में काफी लोगों से पूछा, लेकिन घटना के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली। यदि हमें सूचना मिलेगी तो हम तुरंत केस दर्ज करेंगे। अब हम लगातार सख्ती भी कर रहे हैं।

### एलिवेटेड कॉरिडोर का 20 जनवरी को होगा ऑडिट मार्च में व्यवसायिक रन को लेकर मंथन शुरू

**इंदौर।** एलिवेटेड कॉरिडोर पर लेकर तैयारी जोरों से बापट और विजय नगर चौराहा स्टेशन का काम सबसे पीछे है। हालांकि अब 24 घंटे काम चल रहा है। स्टेशन का काम पूरा हो गया है, प्रवेश मार्ग में देरी हो रही है। स्टेशन की सजावट के काम में भी तेजी है। एमडी के निरीक्षण के बाद रिपोर्ट सीएमआरएस को भेजी जाएगी। मार्च तक इस पूरे मार्ग पर व्यवसायिक रन को लेकर तैयारियां तेजी से की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, सीएमआरएस की जूनियर टीम 20 जनवरी के बाद इंदौर आकर ऑडिट करेगी और फिर फरवरी में सीएमआरएस आएंगे। अंडरग्राउंड ट्रैक को अनुमति मिलने के बाद भी खुदाई शुरू होने में देरी हो रही है। पहले जनवरी में एयरपोर्ट के सामने से खुदाई शुरू करने की बात कही थी, लेकिन अब फरवरी अंत या मार्च तक यह काम शुरू होने की उम्मीद है। एलिवेटेड कॉरिडोर पर रेडिसन स्टेशन तक मार्च तक ट्रेन चलाने के लिए काम जल्द खत्म करने का प्रयास है। मेट्रो के अंडरग्राउंड ट्रैक में लगातार देरी हो रही है। एयरपोर्ट से एमजी रोड तक टेंडर हो चुका है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य कार्य का निरीक्षण करेंगे।

### डीएवीवी द्वारा 12 सप्ताह का कोर्स 28 फरवरी से शुरू होगा

**इंदौर।** घर बैठकर भी 12वीं पास करने वाले अब पढ़ाई कर सकेंगे क्रेडिट पाइंट के आधार पर उन्हें नंबर दिये जाएंगे। 12 वीं पास छात्रों के लिए यूजी लेवल पर स्वयंम प्लेटफार्म पर कई कोर्स उपलब्ध कराये गये हैं। आनलाइन कोर्स को घर बैठकर या कहीं से भी कर सकेंगे। इसका उद्देश्य वैचारिक समझ को मजबूत करना और गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री तक व्यापक पहुंच सुनिश्चित करना है। साथ ही इससे उन छात्रों को मदद मिलेगी जिन्हें नियमित कक्षाओं या विशेषज्ञ द्वारा मार्गदर्शन सीमित ही पहुंच पाता है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के ईएमआरसी विभाग ने दस कोर्स तैयार किए है इसकी शुरूआत 15 जनवरी से की जा रही है। पंजीयन के लिए 28 फरवरी तक का समय रखा गया है। यह कोर्स 12 सप्ताह का होगा और 30 अप्रैल तक चलेगा। इस कोर्स में फायनेंशियल अकाउंटिंग, प्रिंसिपल ऑफ मार्केटिंग, माइक्रोइकोनॉमिक्स, आधुनिक हिंदी कविता (छायावाद तक), मेक्रोइको नॉमिक्स, सोश्योलॉजिकल रिसर्च मैथ्ड्स, इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी एंड सायबर फॉरेंसिस, रिटेल एंड चैनल मैनजमेंट, एनवायरमेंटल स्टडीज और फोटोग्राफी की मूल बातें शामिल हैं।

पर्यटन विभाग ने की तैयारियां, 9 महीने में होंगे 287.25 लाख के विकास कार्य

# लालबाग में बनेगा ओपन थिएटर

**लालबाग का पूरा परिसर भी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा, अगले साल तक सारे काम पूरे कर लिए जाएंगे**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लालबाग में जून 2025 से शुरू हुए सौंदर्यीकरण के कामों में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने तेजी ला दी है। यहां ओपन थिएटर भी बनना है, जिसे लेकर निविदा जारी कर दी गई है। अब लालबाग का पूरा परिसर भी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा। अगले साल तक सारे काम यहां पूरे कर लिए जाएंगे।



लालबाग के भीतर का काम दिल्ली की आईजीएनसीए के जिम्मे है। ये यहां के पुराने एंटीक्स के संरक्षण के साथ ही फिनिशिंग का काम देख रही है, तो बाहरी कामों के साथ ही कन्वेंशन सेंटर का जिम्मा मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने उठाया है। सिंहस्थ से पहले काम पूरे होने के चलते विभाग ने बाहरी विद्युतीकरण, इल्युमिनेशन, सीसीटीवी और बाहरी म्यूजिक कार्य को लेकर निविदा जारी की है। अगले 9 महीने में ये काम 287.25 लाख में किए जाएंगे। विभाग लालबाग की बाउंड्रीवॉल का काम जून से शुरू हो चुका है और ये 30 फीसदी पूरा भी हो चुका है। यहां आउटर गार्डन, फव्वारे के साथ ही देवी अहिल्याबाई सेंटर फॉर सेल्फ डिफेंस, साइकिलिंग व वॉक के लिए ट्रैक भी बनाए जाने हैं। शहर की इस ऐतिहासिक धरोहर के प्रति पर्यटकों और लोगों की रुचि बढ़ाने के लिए ओपन थिएटर भी प्रस्तावित है।

#### 8 फीट ऊंची होगी बाउंड्रीवॉल

बाउंड्रीवाल डेढ़ किलोमीटर से ज्यादा (रनिंग में) में बनना है। ये 8 फीट ऊंची होगी। बाउंड्रीवाल के सामने, साइड और पीछे के लिए अलग-अलग डिजाइन तय किए गए हैं। कई जगह ये 8 फीट केवल ईंटों से बनाई जाएगी। कुछ जगह ईंटों के साथ रैलिंग और बालेसर पत्थर के अलावा डेकोरेटिव कॉलम लगाकर काम होगा। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सामने की ओर रैलिंग बड़ी लगाई जाएगी, ताकि अंदर की ओर देखा जा सके। ये डिजाइन पुराने डिजाइन से मिलता-जुलता ही होगा। सड़क की ओर के डिजाइन बालेसर पत्थरों के साथ होंगे। यहां रैलिंग का इस्तेमाल न के बराबर होगा। पीछे की ओर नदी वाले हिस्से की तरफ पूरी वॉल इंटों से ही बनाई जाएगी। ठोस डेकोरेटिव कॉलम लगाए जाएंगे। मुख्य द्वार केवल वीआईपी के आने पर ही खुलेगा। पश्चिम की ओर (रामपुर कोठी के पास) से इंट्री होगी। यहां मुख्य गेट की तरह ही दो गेट बनाए जाएंगे।

#### भारत का पीओपी ऑनामेंटेशन वाला पहला महल

72 एकड़ में फैला यह लालबाग महल यूरोपियन शैली में बना है। जो बात सबसे ज्यादा हैरत में डालती है वह यह है कि 130 साल पहले जब भारत में पीओपी किसी से सुना भी नहीं था, तब लालबाग पैलेस में पीओपी का ऑनामेंटेशन यानी गोल्ड और सिल्वर कलर में कशीदा कारीगरी की गई थी। तब भारत के किसी भी पैलेस में ऐसी कारीगरी नहीं की गई थी।

अस्पतालों में अब भी 11 मरीज गंभीर, नए भी भर्ती हो रहे

# रिपोर्ट ओके आने पर ही करेंगे पानी सप्लाय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में गंदे पानी वितरण से लगातार मौतों के बाद क्षेत्र में टंकी से पानी वितरण रुका है। शुक्रवार को पानी वितरण के लिए टंकी से पूरे नेटवर्क में सप्लाय की टेस्टिंग होना थी, जो नहीं हो सकी।

अब इसे शनिवार को करेंगे। गंदे पानी से बीमार हुए 45 लोग अब भी शहर के अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें 11 गंभीर मरीजों को आईसीयू में रखा गया है। शुक्रवार को 21 वर्षीय युवती को डायरिया के लक्षणों के चलते सीएचएल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इधर, निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार को सुबह सप्लाय व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। निगमायुक्त का कहना है प्रारंभिक तौर पर क्लोरीन टेस्टिंग सफल रहा है। सैंपल की लैब टेस्ट रिपोर्ट भी दो तीन दिन में आ जाएगी, इसके बाद ही अंतिम रूप से सप्लाय शुरू कर सकेंगे। घटना के बाद नगर निगम टंकी से सप्लाय बंद करके टंकी और पूरे नेटवर्क की क्लीनिंग का काम कर रहा है। टंकी की सफाई का काम पूरा हो गया है। लाइनों को जांचने और साफ करने का काम चल रहा है।




#### मंत्री विजयवर्गीय ने कहा- संजीवनी क्लिनिक पर डॉक्टर व दवा की व्यवस्था करें

- दिल्ली व भोपाल से दिशा निर्देश मिलने के बाद शुक्रवार को दोपहर बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय शुक्रवार को भागीरथपुरा पहुंचे । अधिकारियों की बैठक लेने के बाद जब उनसे हालात के बारे में पूछा गया तो बोले अभी काम चल रहा है। उन्होंने क्षेत्र में राहत सामग्री का वितरण किया और निगमायुक्त क्षितिज सिंघल और एडीएम नवजीवन पंवार के साथ क्षेत्र में चल रहे कामों की जानकारी ली।
- उन्हें लोगों ने बताया, संजीवनी क्लिनिक पर डॉक्टर नहीं बैठ रहे हैं तो वह निरीक्षण करने पहुंचे। अधिकारियों को निर्देशित किया, यहां डॉक्टर व दवाई की पर्याप्त व्यवस्था करें। प्रारंभिक स्थिति में ही मरीज का इलाज करें। नागरिकों से कहा, बीमार होने पर इलाज अधूरा नहीं छोड़ें।

#### अभी ये हैं हाल

कुल 446 मरीज अस्पतालों में भर्ती हुए थे। 45 मरीज अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। 11 आईसीयू में उपचाररत हैं। 200 टीमों ने 28,267 घरों का सर्वे किया, जिसमें 1 लाख 34 हजार 516 लोगों को कवर किया गया। 247 एम्बुलेंस और चिकित्सक मौजूद। एक लाख 13 हजार 641 ओआरएस पैकेट और 1.18 लाख को जिंक टैबलेट वितरित की। 5,013 घरों में क्लेवनेट ड्रॉप दिए गए।

#### अब ये करेंगे

शहर के 105 ओवरहेड टैंकों पर इलेक्ट्रॉनिक/कंप्यूटरीकृत वाटर एनालाइजर लगाए जाएंगे, क्षेत्र के लगभग 50 हजार परिवारों को 20 से 25 जोन में विभाजित किया जाएगा। मेन पाइपलाइन से जुड़े शासकीय बोरवेल सील करेंगे, ताकि किसी भी प्रकार का कंटामिनेशन रोका जा सके। रीयल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम बनाएंगे।

# यात्रियों की कमी के चलते इंदौर मेट्रो का परिचालन घटा

## रविवार से सिर्फ एक फेरा, बाकी समय मालवीय नगर तक होगा ट्रायल रन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर मेट्रो को सवारी नहीं मिल रही है। इसके चलते मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने बड़ा फैसला लिया है। रविवार (11 जनवरी) से मेट्रो ट्रेन का संचालन केवल एक फेरे तक सीमित कर दिया गया है। शेष समय में मेट्रो का उपयोग मालवीय नगर तक ट्रायल रन के लिए किया जाएगा।

कॉर्पोरेशन गांधी नगर से मालवीय नगर तक 16 मेट्रो स्टेशनों के बीच मार्च 2026 से पूर्ण संचालन की तैयारी कर रहा है। मार्च में ही मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा सुपर कॉरिडोर के एससी-3 स्टेशन से रेडिसन चौराहे तक ट्रैक का परीक्षण शुरू किया जाएगा। बता दें कि इंदौर मेट्रो का आम नागरिकों के लिए परिचालन 31 मई 2025 से शुरू हुआ था। फिलहाल मेट्रो पांच स्टेशनों के बीच करीब 6 किलोमीटर की दूरी तय कर रही है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक एस. कृष्ण चैतन्य ने बताया कि गांधी नगर से मालवीय नगर तक सभी 16 स्टेशनों पर निर्माण कार्य पूरा करने के उद्देश्य से परीक्षण और कमीशनिंग का काम तेजी से किया जा रहा है। एकीकृत परीक्षण और कमीशनिंग अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता कॉरिडोर के अंतर्गत मालवीय नगर चौराहा मेट्रो स्टेशन तक ट्रायल रन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं और जल्द ही पूरे प्राथमिकता कॉरिडोर पर व्यापक परीक्षण किया जाएगा। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार यह निर्णय पूरे प्राथमिकता कॉरिडोर पर आम जनता के लिए मेट्रो सेवाएं जल्द शुरू करने की दिशा में उठाया गया है। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत संशोधित परिचालन समय-सारणी 11 जनवरी से प्रभावी होगी।


पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय
प्रति मंगलवार और शुक्रवार
समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000



स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com